हरिभूमि
# बिलासपुर भूमि
बिलासपुर, गुरुवार 28 मई 2026

तापमान
अधिकतम 43.6 डिग्री
न्यूनतम 29.2 डिग्री


गोलबाजार की सड़क पर बेतरतीबी से पार्क किए गए वाहन।



## खबर संक्षेप

### बदली से तापमान में कमी उमस ने बढ़ाई बेचैनी



**बिलासपुर।** आसमान में छाई बदली के प्रभाव से अधिकतम तापमान में तो गिरावट आई है, लेकिन उमस ने शहरवासियों की बेचैनी बढ़ा दी। पूरे दिन व रात में भी चिपचिपी गर्मी से लोग हलाकान होते रहे। बदली देखकर लोग बारिश की उम्मीद कर रहे थे, लेकिन बारिश नहीं होने से लोगों को निराशा हुई। अधिकतम तापमान में लगातार बढ़ोतरी का सिलसिला बुधवार को कुछ थमा नजर आया। कल तक 45 डिग्री पार कर चुके अधिकतम तापमान ने बुधवार को 43.3 डिग्री तक ही अपना असर दिखाया। शहर में दिन की शुरूआत तेज धूप से हुई, लेकिन दोपहर बाद बदली छाने लगी थी। इस दौरान धूप का असर तो काफी कम हो गया था, लेकिन गर्मी से राहत नहीं मिल पा रही थी। उमस ने लोगों की बेचैनी बढ़ा दी थी। बीते दिनों मौसम विभाग द्वारा जारी पूर्वानुमान के आधार पर लोगों को आसमान में बादल देखकर बारिश होने की उम्मीद थी, लेकिन उन्हें निराश होना पड़ा। इधर रात में भी उमस ने लोगों को परेशान कर रखा था। बिजली की आंखमिचौली के बीच लोग भारी उमस और चिपचिपी गर्मी से हलाकान होते रहे।

### कुत्तों को खाना खिलाने पर विवाद, मोबाइल छीना

**बिलासपुर।** नगर के विनोबा नगर इलाके में स्ट्रीड डॉग को खाना खिलाने को लेकर विवाद का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार इस इलाके में स्ट्रीट डाग को भोजन दिया जाता था। इसी बात को लेकर आसपास के कुछ परिवारों ने आपत्ति जताई और कुत्तों को खाना देने से मना किया। जब डॉग लवर ने खाना देना जारी रखा, इसी दौरान विवाद बढ़ गया। एक व्यक्ति ने डॉग लवर के हाथ से मोबाइल छीन लिया और जमीन पर पटक दिया, जिससे मोबाइल क्षतिग्रस्त हो गया। घटना के बाद एनजीओ संचालकों ने पहुंचकर मामले की शिकायत की है।

### संबलपुर सांगानेर के बीच एक फेरा लगाएगी स्पेशल ट्रेन

**बिलासपुर।** रेलवे की यात्रियों की होने वाली अतिरिक्त भीड़ को ध्यान में रखते हुए कंफर्म बर्थ के साथ यात्रा सुविधा उपलब्ध कराने संबलपुर-सांगानेर के मध्य एक फेरे के लिए स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जा रहा है। गाड़ी संख्या 08307 सम्बलपुर-सांगानेर स्पेशल ट्रेन सम्बलपुर से 29 मई को चलेगी। इस गाड़ी का वाणिज्यिक ठहराव दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे बिलासपुर मंडल के रायगढ़, बिलासपुर, पेंड्रा रोड, अनूपपुर एवं शहडोल स्टेशनों में दिया जाएगा। संबलपुर-सांगानेर स्पेशल ट्रेन 12.15 बजे रवाना होकर झारसुगुड़ा रोड, रायगढ़, बिलासपुर 17.50 बजे पहुंचेगी।

### 440 यात्रियों से वसूल किए गए 2 लाख 40 हजार

**बिलासपुर।** रेल मंडल बिलासपुर के रायपुर स्टेशन में नाका टिकट चेकिंग अभियान चलाया गया। सहायक वाणिज्य प्रबंधक डीएस चौहान के नेतृत्व में चलाए गए अभियान में वाणिज्य निरीक्षक, मुख्य टिकट निरीक्षक, टिकट जांच कर्मचारी टीटीई एवं आरपीएफ की सहभागिता रही। रायगढ़ स्टेशन से गुजरने वाली 18 ट्रेनों तथा स्टेशन में टिकट जांच की गई। इस दौरान 440 मामलों से कुल 2 लाख 46 हजार 231 का जुर्माना वसूल किया गया। इसमें बिना टिकट यात्रा के 294 मामलों से 1 लाख 90 हजार 16 रुपए, अनियमित टिकट के 111 मामलों से 52 हजार 715 , बुक किए गए लगेज के 30 मामले से 3 हजार रुपए तथा गंदगी फैलाने के 5 मामले से 500 रुपए शामिल हैं।

# अग्निशमन के नाम पर दीवारों पर लटके हैं एक्सपायर्ड लाल डिब्बे

शरद पाण्डेय ⏭ बिलासपुर


अलग खबर

शासकीय विभागों में आग से सुरक्षा के लिए खानापूर्ति के नाम पर दीवारों पर अग्निशमन यंत्र लटका दिए गए हैं। कहीं तीन मंजिला भवन के लिए बमुश्किल दो किलोग्राम के अग्निशमन तो कहीं एक्सपायरी अग्निशमन लटक रहे हैं। ज्यादातर विभागों में तो यह भी नहीं हैं। शायद उन विभाग के प्रमुखों को यह गलतफहमी हो कि उनके यहां कभी आग लग ही नहीं सकती।

शहर का अधिकतम तापमान 45 डिग्री पार कर चुका है। ऐसे में आगजनी की घटनाओं का खतरा लगातार बढ़ जाता है। एसी और कूलर के लगातार बढ़ते उपयोग के कारण शहर में लोड बढ़ने के कारण ट्रांसफार्मर के फ्यूज उड़ने एवं ब्लास्ट होने की घटनाएं रोज ही हो रही हैं। ऐसे में विभागों में शार्ट-सर्किट से आगजनी की घटना से भी इंकार नहीं किया जा सकता। इससे तात्कालिक बचाव के लिए विभागों में छोटे अग्निशमन यंत्र स्थापित किए जा सकते हैं, लेकिन ज्यादातर विभाग प्रमुखों को इसमें रूचि नहीं है।

## आग लगी तो कैसे होगी सुरक्षा, जानकारी सबको है, लेकिन रूचि किसी की नहीं





### नई कंपोजिट बिल्डिंग में 26 विभाग

कलेक्टोरेट के ठीक बाजू में बनाई गई चार मंजिला नई कंपोजिट बिल्डिंग की हालत पुरानी से भी ज्यादा गई गुजरी है। यहां तीन मंजिल में केवल दो-दो किलो के केवल दो अग्निशमन लगाए गए हैं। बड़ा व सेंट्रल अग्निश्मन तो न केवल जाम है, बल्कि उसमें जंग लगकर पाईप फट भी चुकी है। ऐसे में इतने सारे विभागों की सुरक्षा भी ताक में है। इस बिल्डिंग में हर फ्लोर की जिम्मेदारी अलग-अलग विभाग प्रमुखों को सौंपी गई है, लेकिन इसके बाद भी यह हालत है।



### पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग में 33 विभाग

पुराने कंपोजिज बिल्डिंग में 33 शासकीय विभाग संचालित होते हैं, लेकिन यहां आग से सुरक्षा के कोई इंतजाम नहीं हैं। शिक्षा विभाग, रजिस्ट्री विभाग, आबकारी विभाग, कृषि विभाग, जनसंपर्क समाज कल्याण, सहकारिता, आदिम जाति कल्याण विभाग, पशुपालन, पीएचई, शिक्षा विभाग सहित अनेक महत्वपूर्ण विभागों के कामकाज इसी भवन में संचालित होते हैं, लेकिन आग से अपने विभाग को सुरक्षित करने सचेत रहते हुए एक अग्निशमन यंत्र लगाने की किसी भी विभाग को सुध नहीं है। पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग के मेंटेनेंस एवं सुरक्षा का दायित्व के लिए इसी विभाग को सौंपा गया है, लेकिन अपने विभाग के ही कामकाज के बीच इतने विभागों का अतिरिक्त बोझ उठाना एक विभाग के बस की बात नहीं है।

### ज्यादातर विभागों में वह भी नहीं



### जिला अस्पताल में केवल दो संयंत्र

तीन मंजिला जिला अस्पताल में छोटे-छोटे दो संयंत्र लगाए गए हैं, जबकि यहां चौबीसों घंटे मरीज-डाक्टर व पूरे मेडिकल स्टॉफ की बड़ी संख्या में उपस्थिति होती है। ऐसे में आगजनी की कोई आकस्मिक घटना हुई तो बड़ा जान-माल का नुकसान हो सकता है।

### क्या कहते हैं अधिकारी?

- एसडीएम ऑफिस बिलासपुर में तो अग्निशमन लगा ही नहीं है, लेकिन बहुत जरूरी है। होना चाहिए।
  **मनीष कुमार साहू**, एसडीएम बिलासपुर
- नई कंपोजिट बिल्डिंग के थर्ड फ्लोर का प्रभार नान को मिला जरूर है, लेकिन इसके अंतर्गत साफ-सफाई एवं लिफ्ट की व्यवस्था देखनी है। अग्निशमन की व्यवस्था इसमें शामिल नहीं है। वैसे थर्ड फ्लोर में कोई अग्निशमन यंत्र नहीं लगा है। होना चाहिए।
  **नितिन दीवान**, डीएम नान
- विभाग में अग्निशमन लगे तो हैं, मेरे चार्ज लेने से पहले से ही लगे हैं, लेकिन देखना पड़ेगा कि किस स्थिति में है। पूरी पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग की बात की जाए तो यहां तो काफी कम विभागों में लगे हैं। एक्सपायरी भी हैं। बहुत जरूरी है। सभी विभागों में होना चाहिए।
  **- संजय चंदेल**, एसी ट्रायबल एवं नोडल पुरानी कंपोजिट बिल्डिंग
- हमारे विभाग में तो अभी हाल ही में लगा है। चूंकि रजिस्ट्री ऑफिस दस्तावेजी विभाग है, जहां से शासन को राजस्व भी जाता है। इसलिए यहां हर साल पुराने अग्निशमन की एक्सपायरी चेक करके आवश्यकतानुसार नया लगवा लिया जाता है।
  **- आरके स्वर्णकार**, जिला पंजीयक रजिस्ट्री विभाग

## बीते वर्ष इसी अवधि में खरीदते रहे डीजल, इस साल खरीदा ही नहीं

# कंज्यूमर पंप से डीजल की खरीदी अचानक बंद करने वाले सात उद्योगों को नोटिस

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

- रिटेल आऊटलेट से खरीदी का संदेह
- तीन दिनों के भीतर कलेक्टर ने मांगा जवाब

अप्रैल-मई में कंज्यूमर पंपों से डीजल की खरीदी अचानक बंद कर देने वाले सात उद्योगों को कलेक्टर ने नोटिस जारी किया है। इन उद्योगों द्वारा बीते वर्ष अप्रैल-मई में डीजल खरीदा गया था, लेकिन इस साल इसी अवधि में खरीदी अचानक बंद कर दी। ऐसे में इनके द्वारा रिटेल आऊटलेट से खरीदी करने के संदेह पर नोटिस जारी किया गया है। कलेक्टर ने तीन दिनों के भीतर संतोषजनक जवाब नहीं देने पर कंज्यूमर पंप लाईसेंस निरस्त करने की चेतावनी दी है।

शासन द्वारा तय नियमों के अंतर्गत अपने उद्योगों के लिए कंज्यूमर पंपों से डीजल की खरीदी नहीं करने वाले सात उद्योगों पर कार्रवाई की गाज गिरी है। नियमानुसार इन उद्योगों को अपने इस्तेमाल के लिए सामान्य डीजल पंपों से डीजल लेने पर प्रतिबंध है। इनके लिए कंज्यूमर पंपों से डीजल लेने की व्यवस्था बनाई गई है। इसके द्वारा बीते वर्ष की तुलना में इस साल अप्रैल-मई में कंज्यूमर पंपों से डीजल की खरीदी ही नहीं की गई थी, जिससे संदेह होने पर इन्हें नोटिस जारी किया गया है।

कलेक्टर द्वारा इन सभी उद्योगों को नोटिस जारी कर फिलहाल तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा गया है। कलेक्टर द्वारा पूछा गया है कि कंज्यूमर पंपों से उनके कितने वाहनों को डीजल की आपूर्ति की गई है। इसी तरह मूल्य वृद्धि के बाद डीजल के उठाव में कमी के क्या कारण हैं? इस दौरान संतोषजनक जवाब नहीं मिलने पर कलेक्टर द्वारा कंज्यूमर पंप लाईसेंस निरस्त करने की चेतावनी भी दी गई है।

### इन उद्योगों को दिया गया नोटिस

कंज्यूमर पंप से डीजल की खरीदी नहीं करने के मामले में मेसर्स बाहुबली कंस्ट्रक्शन्स को नोटिस जारी किया गया है। इनके द्वारा बीते वर्ष अप्रैल में 97. 52 लीटर डीजल लिया गया था व मई में 16 53 लीटर, लेकिन इस साल शून्य लीटर लिया गया है। इसी तरह मेसर्स क्लिन कोल इंटरप्राइजेस द्वारा बीते वर्ष अप्रैल में 2 सौ लीटर व मई में 152 07 लीटर, जबकि इस इस साल अप्रैल में शून्य लीटर व मई में 19 लीटर डीजल लिया गया है। मेसर्स हिंद मल्टी सर्विस प्राईवेट लिमिटेड द्वारा बीते वर्ष अप्रैल में 16 लीटर व मई में 40 लीटर डीजल लिया गया था, जबकि इस साल शून्य लीटर लिया गया है। मेसर्स लैंडमार्क इंजीनियर्स के द्वारा बीते वर्ष अप्रैल में 97 व मई में 16 लीटर डीजल लिया गया था, जबकि इस साल शून्य लीटर लिया गया है। मेसर्स ईश्वरी मिनरल्स द्वारा बीते वर्ष अप्रैल में 176 लीटर व मई में 113 लीटर डीजल लिया गया था, जबकि इस साल शून्य लीटर लिया गया है। इसी तरह मेसर्स पारस पावर एंड कोल बेनिफिकेशन लिमिटेड द्वारा बीते वर्ष अप्रैल में 69 लीटर डीजल लिया गया था, जबकि इस साल केवल मई में 13 लीटर लिया गया है। इन सभी को नोटिस जारी किया गया है।

### इंडस्ट्रियल यूज वाला डीजल 52 रुपए महंगा

इंडस्ट्रियल यूज के लिए उद्योगों को कंज्यूमर पंपों से डीजल दिया जाता है। इन पंपों पर डीजल की कीमत सामान्य से 52 रूपए अधिक थी। ऐसे में उद्योगों के द्वारा उन पंपों से डीजल की खरीदी बंद या कम कर दी गई थी। हालांकि उद्योगों को डीजल की जरूरत तो थी ही। ऐसे में पूरा संदेह था कि अपने उद्योगों की जरूरतों के लिए उनके द्वारा डीजल की खरीदी रिटेल आऊटलेट वाले डीजल पंपों से की जा रही हो। इन पंपों पर चूंकि पेट्रोल व डीजल आम जनता को दिए जाते हैं, जिससे यहां डीजल-पेट्रोल की कीमत कंज्यूमर पंप की तुलना में कम होती है।

### दिया गया है नोटिस

बीते साल अपने उद्योगों के लिए अप्रैल व मई के महीने में कंज्यूमर पंपों से डीजल लेने, लेकिन इस साल इन्हीं महीनों में बिल्कुल भी डीजल नहीं लेने वाले उद्योगों को कलेक्टर द्वारा नोटिस जारी कर जवाब मांगा गया है। अब रिटेल आऊटलेट से उद्योगों के द्वारा डीजल खरीदी बंद हो जाएगी, जिससे आम जनता के लिए वहां उपलब्धता और बढ़ जाएगी।

**- अमृत कुजूर**, खाद्य नियंत्रक

## अवैध खनन और परिवहन पर खनिज विभाग की बड़ी कार्रवाई





# 9 वाहन सहित 1500 मीट्रिक टन कोयला जब्त, कोल डिपो सील

**बिलासपुर।** कलेक्टर के निर्देश और उप संचालक खनिज के मार्गदर्शन में जिले में अवैध उत्खनन, परिवहन एवं भंडारण के खिलाफ खनिज विभाग द्वारा लगातार सख्त कार्रवाई की जा रही है। विशेष अभियान के तहत खनिज अमले ने अलग-अलग क्षेत्रों में दबिश देकर 2 जेसीबी मशीन, 1 लोडर मशीन और 5 हाईवा सहित कुल 9 वाहनों पर कार्रवाई करने के साथ ही अवैध रूप से संचालित कोयला डिपो को सील कर लगभग 1500 मीट्रिक टन कोयला जब्त किया गया है।

खनिज विभाग से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 26 मई को ग्राम लिम्हा क्षेत्र में संचालित मेसर्स कश्यप कोल डिपो की जांच में पाया गया कि भंडारण अनुज्ञा की अवधि समाप्त होने के बाद भी डिपो का संचालन जारी था। इस पर विभाग ने मौके पर पहुंचकर एक ट्रेलर वाहन और भारी मात्रा में रखे लगभग 1500 मीट्रिक टन कोयले को जब्त कर डिपो और मौके पर मौजूद लोडर मशीन को भी सील किया गया। इसी दौरान खनन क्षेत्र में शासकीय भूमि पर बिना वैध अनुमति के खनिज उत्खनन करते हुए दो जेसीबी मशीनें पकड़ी गईं। वहीं दो हाईवा वाहन चालकों द्वारा वाहन छोड़कर भाग जाने पर विभाग ने वाहनों को मौके पर ही सील कर दिया। जब्त 1 ट्रेलर और 2 जेसीबी मशीनों को रतनपुर थाना की अभिरक्षा में रखा गया है, जबकि लोडर मशीन एवं हाईवा वाहनों को यथास्थान सील किया गया है। इसके अतिरिक्त बुधवार 27 मई को पचपेड़ी, लावर और मस्तूरी क्षेत्र में भी संयुक्त जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान पचपेड़ी क्षेत्र में अवैध रूप से चूना पत्थर परिवहन करते 1 हाईवा तथा लावर क्षेत्र में रेत परिवहन करते 2 हाईवा वाहनों को जब्त किया गया। सभी मामलों में खान एवं खनिज विकास एवं विनियमन अधिनियम 1957 के तहत कार्रवाई की जा रही है। खनिज, राजस्व और पुलिस विभाग की संयुक्त टीम द्वारा संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी बढ़ा दी गई है, जिससे अवैध कारोबार पर प्रभावी अंकुश लगाया जा सके।

## रील बनाने में बाज नहीं आ रहे युवा युवतियां





# बीयर लेकर कार की छत पर नाच रही युवती का वीडियो वायरल

### चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

एक बार फिर सोशल मीडिया में एक लड़की का बीयर की बोतल खोलकर चलते और कार की छत पर नाचते हुए वीडियो जोरों से वायरल हो रहा है। वीडियो सकरी क्षेत्र के नेशनल हाइवे का बताया जा रहा है। पुलिस ने कार चालक के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

27 मई 2026 को सोशल मीडिया में एक लड़की का सफेद रंग की कार के सामने एक्शन से बीयर की बोतल ओपन कर चलते हुए व कार की छत पर नाचते हुए वीडियो वायरल हो रहा है। वीडियो देखने से ऐसा लग रहा है कि लड़की बर्थडे पार्टी मनाते हुए रील बना रही है। वायरल वीडियो सकरी क्षेत्र के नेशनल हाइवे का बताया जा रहा है। यातायात पुलिस वीडियों को संज्ञान में लेकर रील बनाने वाली युवती व कार के पता लगाने में लग गई है। बहरहाल रात तक वीडियो में नजर आने वाली युवती का पता नहीं चल पाया था। ज्ञात हो कि दो दिन पहले चकरभाठा क्षेत्र के नेशनल हाइवे में कार सनरूप में बैठकर एक युवती की नाचते हुए वीडियो वायरल हुआ था। पुलिस ने गाड़ी नम्बर के आधार पर मंगला शुभम विहार ओम जोन निवासी प्रतीक लूथर पिता संजय लूथर 36 साल को पकड़ लिया। उसके पास से बीएमडब्ल्यू क्रमांक सीजी 10 सीए, 3999 को जब्त कर यातायात नियम तोड़ने की वैधानिक कार्रवाई की गई थी। कोनी पुलिस ने फुटेज के आधार पर कार क्रमांक सीजी 10, सीओ 1416 के चालक के खिलाफ बीएनएस की धारा 281, 184 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

### पतासाजी की जा रही

सोशल मीडिया में वायरल वीडियो संज्ञान में आया है। वीडियो सकरी नेशनल हाइवे का लग रहा है। रील बनाने वाली लड़की की पतासाजी की जा रही है। उसके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी।

**– रामगोपाल करियारे**
एडीशनल एसपी ट्रैफिक

# गैस सिलेण्डर की कालाबाजारी, गैस एजेंसी संचालक के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** उपभोक्ता के नाम पर आनलाइन ऐप में फर्जी डिलवरी दर्शाकर गैस सिलेण्डरों की कालाबाजारी उजागर हुई है। पुलिस ने पीड़ित की रिपोर्ट पर विनोद गैस एजेंसी के संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, शांति विहार तोरवा निवासी मनीष मिश्रा पिता केके मिश्रा 33 साल का भारत गैस का घरेलू गैस कनेक्शन है। वे तारबाहर अंडरब्रिज के पास स्थित विनोद गैस एजेंसी से गैस सिलेण्डर लेते हैं। उन्होंने 12 मार्च 2026 को अपने घरेलू गैस सिलेंडर की बुकिंग की थी। कई दिन बीत जाने के बाद भी जब सिलेंडर उनके घर नहीं आया तो उन्होने भारत गैस के ऑफिशियल मोबाइल ऐप पर अपनी बुकिंग का स्टेटस चेक किया। ऐप में गैस सिलेण्डर डिलीवरी हो चुकी थी और 1002 रुपए भुगतान आनलाइन भी प्राप्त हो चुका था। जबकि उन्हें कोई गैस सिलेण्डर नहीं मिला था। उन्होंने अपने गैस ग्राहक कार्ड और मोबाइल ऐप के रिकॉर्ड का मिलान किया तो एक बड़े फर्जीवाड़े की खुलासा हुआ। नियमानुसार गैस सिलेण्ड की डिलीवरी के समय उसे कार्ड में दर्ज करना अनिवार्य होता है। मनीष के गैस कार्ड में केवल तीन डिलीवरी अंकित था जो 12 अगस्त 2025, 3 नवंबर 2025, 25 फरवरी 2026 को ली गई थी। जब उन्होंने मोबाइल ऐप की हिस्ट्री खंगाली तो उसमें अलग अलग तिथियों में लगभग 10 बार गैस सिलेण्डर की डिलीवरी होना दर्शाया गया था। 7 गैस सिलेण्डर को कूटरचित तरीके से उनके नाम पर फर्जी डिलीवरी दिखाकर बाजार में खपाया गया या उसका दुरूपयोग किया गया था। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर तारबहार अंडरब्रिज के पास स्थित विनोद गैस एजेंसी के संचालक खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

# खाद्य औषधि प्रशासन ने नष्ट कराया 30 किलो खराब आम



**बिलासपुर।** बुधवार को जिले में नियंत्रक खाद्य एवं औषधि प्रशासन विभाग के निर्देशानुसार एवं कलेक्टर के मार्गदर्शन में तीन दिवसीय अभियान के तहत कुल 13 फल विक्रेता फर्मों का जांच की गई। इस दौरान साफ सफाई रखने, खाद्य पंजीयन कराने, सड़े, गले फल का विक्रय नहीं करने, नियमानुसार ही फल को पकाने हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान जय माता दी फ्रूट भंडार, शनिचरी बाजार से 10 किलो आम और शशि फल भंडार, शनिचरी बाजार मंडी से 30 किलो आम को खराब होने के कारण नष्टीकरण कराया गया। वहीं खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के प्रावधानों का पालन करने हेतु निर्देशित किया गया है।

# गोबर खाद घोटाले पर कार्रवाई, रेंजर निलंबित

**बिलासपुर।** गौरेला पेंड्रा मरवाही जिले के वनमंडल मरवाही में सामने आए बहुचर्चित गोबर खाद घोटाले और कैंपा कार्यों में वित्तीय अनियमितताओं के मामले में अब विभागीय कार्रवाई तेज हो गई है।

सहायक ग्रेड-2 भूपेंद्र साहू के निलंबन के बाद अब मरवाही के तत्कालीन रेंजर एवं वनक्षेत्रपाल रमेश कुमार खैरवार को भी तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई प्रधान मुख्य वन संरक्षक, छत्तीसगढ़ द्वारा की गई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2022 में गोबर खाद खरीदी के नाम पर कथित रूप से फर्जी भुगतान, संदिग्ध दस्तावेजों के उपयोग और सरकारी राशि के दुरुपयोग से जुड़ी शिकायतें सामने आई थीं। मामले की विभागीय जांच के दौरान तत्कालीन रेंजर रमेश कुमार खैरवार की गंभीर लापरवाही और कथित संलिप्तता प्रथम दृष्टया सही पाई गई। इसके बाद विभाग ने उनके खिलाफ निलंबन की कार्रवाई की। बताया गया है कि रमेश कुमार खैरवार 14 अगस्त 2023 से 28 दिसंबर 2025 तक मरवाही वन परिक्षेत्र में पदस्थ रहे। इस दौरान कैंपा कार्यों और गोबर खाद खरीदी से जुड़े कई मामलों में वित्तीय गड़बड़ियों की शिकायतें विभाग तक पहुंची थीं। जांच में सरकारी राशि के गलत उपयोग और रिकॉर्ड में अनियमितताओं के संकेत मिलने के बाद कार्रवाई का दायरा बढ़ाया गया। इससे पहले कैंपा शाखा प्रभारी भूपेंद्र साहू को भी निलंबित किया जा चुका है। उन पर लगभग 14.77 लाख रुपए के अवैध लेखा समायोजन और फर्जी एलओसी तैयार करने के आरोप लगाए गए थे। विभागीय जांच में प्रारंभिक स्तर पर आरोपों की पुष्टि होने के बाद उन्हें सस्पेंड किया गया था। यह मामला विधानसभा तक पहुंच चुका है और प्रदेश स्तर पर चर्चा का विषय बना हुआ है। लगातार दूसरी बड़ी कार्रवाई के बाद वन विभाग में हड़कंप की स्थिति है। विभागीय जानकारी के अनुसार जांच अभी जारी है और आने वाले समय में अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों के खिलाफ भी कार्रवाई हो सकती है। वहीं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर भुगतान और वित्तीय लेनदेन की प्रक्रिया की गहराई से जांच की जा रही है।

### मुख्यालय से निकला आर्डर

गोबर खाद खरीदी के नाम पर फर्जी भुगतान और अन्य मामलों की शिकायत की गई थी। इसकी जांच करने के बाद सीसीएफ ने रिपोर्ट मुख्यालय भेजी, जिसके बाद पहले बाबू को सस्पेंड किया गया। इसके उपरांत रेंजर को भी निलंबित करने का आर्डर जारी किया गया है।

**- ग्रीष्मी चांद**, डीएफओ, मरवाही वन मंडल

## खबर संक्षेप

### कोयला राज्यमंत्री दुबे का झा ने किया स्वागत



**बिलासपुर।** केंद्रीय कोयला एवं खान राज्य मंत्री सतीश चंद्र दुबे के नगर आगमन पर समाजसेवी प्रवीण झा ने स्वागत एवं अभिनंदन किया। रामा वर्ल्ड स्थित श्री झा के निवास पर स्वजनों ने कोयला मंत्री का स्वागत किया मंत्री श्री दुबे से राजनीतिक, सामाजिक और विभिन्न समसामयिक विषयों पर विस्तृत एवं सकारात्मक चर्चा हुई। चर्चा के दौरान समाज में जनभागीदारी, विकास कार्यों की गति, युवाओं की भूमिका तथा सामाजिक सरोकारों से जुड़े मुद्दों पर विमर्श हुआ। इस अवसर पर भाजपा नेता रोशन सिंह सहित अन्य सदस्य मौजूद थे। केंद्रीय मंत्री श्री दुबे ने इससे पहले एसईसीएल का दौरा कर कंपनी के कामकाज की समीक्षा की।

### अभा अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेशाध्यक्ष बने रामावतार

**बिलासपुर।** अखिल भारतीय अग्रवाल सम्मेलन के प्रदेश अध्यक्ष के पद पर रामावतार अग्रवाल को



मनोनित किया गया है। रामावतार के प्रदेश अध्यक्ष बनने के बाद उनके अनुभव व समाज के प्रति समर्पण से अग्रवाल समाज को नई दिशा एवं नई ऊर्जा प्राप्त होने के साथ समाज में एकता, संगठन एवं आपसी भाईचारा अधिक मजबूत होने के अलावा समाज सेवा के क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित होंगे। वहीं कुशल मार्गदर्शन में अग्रवाल सम्मेलन समाजहित में अनेक प्रेरणादायी कार्य करेगा और युवा पीढ़ी को समाज सेवा से जोड़ने का महत्वपूर्ण कार्य होगा।

### निजी अस्पतालों की मनमानी पर रोक लगाने की मांग



**बिलासपुर।** क्षेत्र के निजी अस्पतालों और नर्सिंग होम द्वारा मरीजों के परिजनों को किसी विशिष्ट या उनके मनपसंद ब्लड बैंक से ही ब्लड लाने के लिए बाध्य करने के खिलाफ बुधवार को एनजीओ महासंघ के कार्यकर्ताओं ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को एक ज्ञापन सौंपकर इस पर तुरंत अंकुश लगाने की मांग की गई है। सामाजिक कार्यकर्ताओं ने कहा कि आपातकालीन स्थिति में अस्पताल प्रबंधन परिजनों पर मानसिक दबाव बनाता है। यदि परिजन किसी सरकारी अस्पताल, रेडक्रॉस या अन्य मान्यता प्राप्त अधिकृत ब्लड बैंक से ब्लड की व्यवस्था कर भी लेते हैं, तो निजी अस्पताल उसे स्वीकार करने में आनाकानी करते हैं और परिजनों को प्रताड़ित किया जाता है। कुछ निजी अस्पतालों और चुनिंदा ब्लड बैंकों के बीच चल रही व्यावसायिक साठगांठ और कमीशनखोरी है। यह न सिर्फ चिकित्सा नैतिकता का उल्लंघन है, बल्कि राष्ट्रीय रक्त संचरण परिषद के नियमों के भी पूरी तरह खिलाफ है। इस अवसर पर अरुणिमा मिश्रा, अभिषेक शर्मा, बिंदु सिंह कच्छवाहा, गुलाब सिंह, शशि मिश्रा, गोविंद राय, श्याम, अभिषेक ठाकुर मौजूद थे।

### लक्ष्मीनिधि को मिली पीएचडी की उपाधि

**बिलासपुर।** शोधार्थी डॉ. लक्ष्मीनिधि विश्वकर्मा को



डॉ.सीवी रामन विश्वविद्यालय की ओर से वाणिज्य विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की गई है। उन्होंने अपना शोध कार्य छत्तीसगढ़ में महिला उद्यमिता के विकास में स्व-सहायता समूहों की भूमिका रायपुर जिले के विशेष संदर्भ विषय पर सफलतापूर्वक पूर्ण किया। वे श्रीमती प्रभा विश्वकर्मा एवं राजेंद्र कुमार विश्वकर्मा की सुपुत्री हैं। उन्होंने अपनी इस उपलब्धि का श्रेय अपने माता-पिता, गुरुजनों एवं परिवार के सहयोग को दिया है।

### सूत सारथी समाज के अध्यक्ष बने योगेश



**बिलासपुर।** सूत सारथी समाज के नई प्रदेश कार्यकारणी का गठन रायपुर के लाखेनगर मे स्थित सुंमत भवन मे किया गया। इसमें प्रदेश भर से भारी संख्या मेआये सदस्यो की उपस्थिति योगेश सारथी अध्यक्ष पद पर व महासचिव पद पर विक्रम सेंगर भारी मतो से विजय हुए। उपाध्यक्ष पद पर गणेश सोनवानी, कोषाध्यक्ष पद पर लक्ष्मी प्रसाद सारथी, कार्यकारणी पद पर श्रीमति स्मृति बाला बंछोर, श्रीमति सरोज हेमलता सारथी, मुरारी सारथी, अशोक सारथी, हेमंत सारथी, जीवन सारथी निर्विरोध चुने गए। चुनाव समिति के अध्यक्ष एआर बघेल व उनके सदस्यो ने विधिवत चुनाव कराकर निर्वाचित प्रतिनिधियों को प्रमाण पत्र दिया गया।

---

**रेलवे** | सामान्य एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों की वेटिंग के आंकड़े ने किया शतक पार

# भीड़ कम करने चल रहीं स्पेशल ट्रेन, फिर भी बर्थ 1200 से अधिक खाली

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

सामान्य एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ कम करने के लिए रेल प्रशासन समर स्पेशल ट्रेन की सुविधाएं दे रही है, लेकिन उसमें यात्रियों को सफर करने में कोई दिलचस्पी नहीं होने के कारण स्पेशल ट्रेनों के स्लीपर कोच के बर्थ 800 से अधिक खाली चल रहे हैं।

ग्रीष्मकालीन छुट्टी होने के कारण ट्रेनों में यात्रियों की भीड़ काफी बढ़ चुकी है। जोन के तीनों डिवीजन बिलासपुर, रायपुर और नागपुर से हावड़ा, मुम्बई, दिल्ली और अन्य मेट्रो स्टेशन की ओर आने-जाने वाली एक्सप्रेस, सुपरफास्ट और अन्य ट्रेनों के स्लीपर और एसी कोच में यात्रियों की अत्यधिक भीड़ के कारण वेटिंग के आंकड़ें ने शतक पार कर दिया है। गर्मी से बचने के लिए ज्यादातर यात्री एसी कोच में सफर करना चाह रहे हैं। सामान्य आरक्षण कार्यालय के अलावा आईआरसीटीसी की वेबसाइट में तत्काल में भी यात्रियों को कंफर्म टिकिट नहीं मिल पा रही है। रेल प्रशासन ने यात्रियों की भीड़ को कम करने और आरामदायक सफर कराने के उद्देश्य से समर स्पेशल ट्रेनों का संचालन शुरु किया है, जो एक से दो फेरे या आठ फेरे के लिए चल रही है। इन समर स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों की संख्या काफी होने के कारण बर्थ के साथ कोच भी खाली-खाली नजर आते हैं। इसी तरह समर स्पेशल ट्रेनों में ग्रीष्मकालीन अवकाश एवं बढ़ती यात्री मांग को ध्यान में रखते हुए दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे द्वारा यात्रियों की सुविधा के लिए अलग-अलग जगहों के लिए विभिन्न टीओडी ट्रेन ऑन डिमांड स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जा रहा है, जिसमें स्लीपर में बर्थ की उपलब्धता का आंकड़ा 1200 से अधिक है।

#### इन ट्रेनों में उपलब्ध है बर्थ

बुधवार 27 मई को जारी ऑक्यूपेंसी रिपोर्ट के अनुसार गाड़ी संख्या 08201 बिलासपुर–पोत्तनूर स्पेशल में 28 मई को स्लीपर श्रेणी में लगभग 845 बर्थ, गाड़ी संख्या 08707 दुर्ग–एर्नाकुलम स्पेशल में 30 मई को स्लीपर श्रेणी में लगभग 1256 बर्थ, 08811 गोंदिया–आगरा कैंट स्पेशल में 28 मई को वातानुकूलित द्वितीय श्रेणी 2सेकेंड एसी में 40 बर्थ, थर्ड एसी में 44 बर्थ तथा स्लीपर श्रेणी में लगभग 414 बर्थ अभी उपलब्ध हैं।



### रेलवे स्टेशन में सेकेंड एंट्री का काम अधूरा



बिलासपुर जोनल रेलवे स्टेशन के सेंकेड एंट्री का काम धीमी गति से चल रहा है। यहां फुट ओवरब्रिज का निर्माण अधूरा है, प्लेटफार्म बन गया है परंतु उसमें टाइल्स नहीं लगी है। काम पूरा नहीं होने से यात्रियों को सुविधा नहीं मिल पा रही है।

## 25 हजार रूपए हाईवा की कीमत में भी रेत मिलना मुश्किल

### भवन निर्माण कराने वालों को बड़ी परेशानी



हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में इन दिनों रेत की कीमत 25 हजार रूपए प्रति हाईवा तक पहुंच चुकी है। खनिज विभाग द्वारा रेत माफियाओं पर लगातार की गई कार्रवाई के बाद रेत की कमी भी दिखाई पड़ रही है। ऐसे में 25 हजार की कीमत में भी मांगते ही लोगों को रेत नहीं मिल पा रही है।

ऐसे में वर्तमान में भवन निर्माण करवा रहे लोगों को रेत की व्यवस्था में परेशान होना पड़ रहा है। शासन के निर्देशानुसार बीते एक महीने से लगातार रेत के अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण पर खनिज विभाग की कार्रवाई का असर अब जमीनी स्तर पर नजर आने लगा है। शहर में रेत की सप्लाई में कमी हो गई है। अब तक गलत तरीके से रेत निकालकर बेचने के कारण लोगों को मांगते ही रेत उपलब्ध हो जाती थी, लेकिन अब अधिकाधिक कीमतों में भी रेत नहीं मिल पा रही है। भवन निर्माण सामग्री विक्रेताओं के अनुसार वर्तमान में रेत की कीमत टैक्टर में 25 सौ रूपए तक पहुंच चुकी है। इसी तरह बड़े हाईवा में रेत की कीमत 25 हजार रूपए तक जा चुकी है। रेत सप्लायरों के अनुसार अरपा नदी की रेत केवल पटाई से संबंधित उपयोग के लिए मंगाई जाती है। जबकि जोड़ाई व खासकर प्लास्टर के लिए शिवरीनारायण व चांपा से रेत मंगाई जाती है। उन्होंने बताया कि इन दिनों अधिक कड़ाई होने के कारण शिवरीनारायण से भी रेत नहीं निकल पा रही है। लोगों को शिवरीनारायण के नाम पर चांपा की रेत सप्लाई की जा रही है। भवन निर्माण सामग्री विक्रेताओं का कहना है कि बारिश आने में अब केवल पंद्रह से बीस दिन ही शेष हैं। ऐसे में रेत माफिया अधिक लाभ कमाने के चक्कर में रेत को डंप करके भी रख सकते हैं, ताकि अधिक से अधिक लाभ कमाया जा सके। ऐसे में भवन निर्माण के दौरान जब रेत की जरूरत हो तब उपलब्ध नहीं होने के कारण काम न केवल लंबा खिंच रहा है, बल्कि बारिश में बाधित होने का भी भय है। इससे निर्माण की लागत भी बढ़ रही है।

### प्रथम चरण में चल रहा सफाई का कार्य

# पर्यटकों को आकर्षित करने बदला जा रहा स्मृति वाटिका का कलेवर

जर्जर हो चुकी स्मृति वाटिका को सुधारने के लिए शासन की ओर से वर्तमान में 26 लाख रुपए की स्वीकृति दी गई है, जिसमें जर्जर हो चुके एंट्री गेट को नया स्वरूप प्रदान करने के साथ ही पैगोड़ा और घास लगाने का काम शुरु कर दिया गया है।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

स्मृति वाटिका अचानकमार अमरकंटक बायोस्फियर रिजर्व की जिम्मेदारी में आ गया है। वाटिका बनने के 6 माह तक भ्रमण करने वाले सैलानियों की काफी भीड़ भी होती थी, लेकिन धीरे-धीरे सैलानियों का रूझान कम होता गया। यहां की 36 एकड़ की भूमि 20 एकड़ में सिमट गई है।



वर्तमान में स्मृति वाटिका की स्थिति इतनी अधिक जर्जर हो चुकी है कि चारों ओर खरपतवार के कारण जहरीले जीव जंतुओं के निकलने का खतरा बना रहता है। कई बार यहां सांप भी निकलते हुए देखा जा चुका है। इसे संवारने के लिए कई बार राशि सेंक्शन हो चुकी है, लेकिन करोड़ों की राशि स्वीकृति के बावजूद काम कुछ भी दिखाई नहीं देता है। हालत यह है कि यहां कुछ माह पहले वाटिका को एक नया स्वरूप देने के लिए काम की शुरुआत की थी। पुराने सरोवर के अलावा दीवार को रंग रौगन करने के साथ, गेट से अंदर प्रवेश करने के रास्ते के बीच में बत्तख और हाथी की मूर्ति बनाई गई थी। इसकी हालत तो काफी खराब हो गई। भ्रमण करने के लिए रायपुर से आए पीसीसीएफ व दूसरे अधिकारियों ने स्मृति वाटिका का जीर्णोद्धार करने का आदेश बिलासपुर वन मंडल के अफसरों को दिया था। वन मंडल के अफसरों ने कार्य करने के लिए बजट की मांग कर दी, जिसके बाद प्रथम चरण में 26 लाख रुपए की राशि स्वीकृति के बाद पुराने गेट को तोड़कर नया बनाने का काम पूरा कर दिया गया है। वहीं अंदर में नया घास लगाने व अन्य कार्य किया जा रहा है।

#### पोर्च, पैगोड़ा व पिकनिक स्पॉट

वन विभाग के अफसर स्मृति वाटिका के लिए एक स्तर से प्रोजेक्ट बनाया है। इसमें फूड प्लाजा, काफी हाउस के अलावा बच्चों के खेलने के लिए एक अलग गार्डन, सैलानियों के पिकनिक मनाने के लिए एक अलग जगह, पोर्च, पैगोड़ा व अन्य कार्य किए जाएंगे। वर्तमान में सैलानियों के लिए दो नए पैगोड़ा, खरपतवारों को काटकर नए घास लगाने का काम, पुराने एंट्री गेट को तोड़कर नया बनाया गया है।

#### सबसे बड़ी समस्या वाशरूम की

स्मृति वाटिका में काम किया जा रहा है, जिसमें पैगोड़े की मरम्मत, साफ-सफाई, रंग रौगन व अन्य कार्य भी शामिल है। वाटिका में सबसे अधिक समस्या वाशरूम और पीने के पानी की है। 25 से 30 एकड़ क्षेत्र में फैले वाटिका में लगे पौधों और हरे-भरे पेड़ों के अलावा सैलानियों के पीने के लिए तक पानी की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां केवल दो पंप से ही काम कराया जा रहा है, जिसकी वजह से यहां कार्यरत स्टाफ सहित सैलानी भी प्यासे रहते हैं।

#### संवारा गया है पुराना गेंट

स्मृति वाटिका में पुराने गेट को रंग रौगन व अन्य कार्य करने के बाद संवारा गया है। वहीं दो पैगोड़ा, नए घास लगाने का काम किया जा रहा है। यहां साफ सफाई व रंग रौगन का कार्य कराया गया है। वर्तमान में यह सारे कार्य के लिए 26 लाख रुपए की राशि सेंक्शन हुए हैं। आगे जिस तरह से बजट प्राप्त होगा, उस तरह से काम भी कराया जाएगा ताकि यहां सैलानियों की संख्या बढ़ सके।

**अनिमेश सिंह**
रेंजर, तखतपुर रेंज

## सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज धूमधाम से मनाएगा महाराणा प्रताप की जयंती



**बिलासपुर।** सर्व राजपूत क्षत्रिय समाज की वीरता, स्वाभिमान एवं राष्ट्रभक्ति के प्रतीक महान योद्धा महाराणा प्रताप की जयंती के उपलक्ष्य में आयोजित होने वाले कार्यक्रमों की तैयारी एवं रूपरेखा हेतु समाज की महत्वपूर्ण बैठक संपन्न हुई।

बैठक में समाज के वरिष्ठजनों, युवाओं एवं पदाधिकारियों की उपस्थिति रही। सभी सदस्यों ने महाराणा प्रताप जी के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने तथा समाज में सेवा, एकता एवं राष्ट्रहित की भावना को सशक्त करने पर अपने विचार व्यक्त किए। सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया कि महाराणा प्रताप जयंती के उपलक्ष्य में 14 जून को ग्रैंड लोटस में एक विशाल रक्तदान शिविर के अलावा सेवा कार्य के माध्यम से समाज द्वारा मानवता एवं जनकल्याण का संदेश दिया जाएगा। समाज के पदाधिकारियों ने सभी स्वजातीय बंधुओं, युवाओं एवं आम नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर रक्तदान महादान में सहभागी बनने का आग्रह किया है।

## एकमुश्त सैलरी देने अतिथि व्याख्याताओं ने सौंपा उच्च शिक्षामंत्री को ज्ञापन

**बिलासपुर।** प्रदेश के महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं ने कालखंड आधारित वेतन भुगतान व्यवस्था में बदलाव करते हुए एकमुश्त सैलरी देने की मांग की है। इस संबंध में उच्च शिक्षामंत्री को सौंपे गए ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि कालखंड आधारित वेतन व्यवस्था होने के कारण होली-दीवाली जैसे त्योहारों पर दी जाने वाली छुट्टियों में भी उनका वेतन काट दिया जाता है।

छत्तीसगढ़ के महाविद्यालयों में कार्यरत अतिथि व्याख्याताओं ने उच्च शिक्षा मंत्री को ज्ञापन सौंपकर कालखण्ड आधारित वेतन भुगतान व्यवस्था को समाप्त कर एकमुश्त मासिक सैलरी देने की मांग की है। ज्ञापन में उन्होंने कहा है कि अतिथि व्याख्याताओं की वर्तमान सैलरी कालखण्ड आधारित होती है, जिसमें अधिकतर अतिथि व्याख्याताओं के प्रतिदिन 4 कालखण्ड नहीं बन पाते, वहीं प्रमुख तीज-त्योहारों दीवाली, होली, दशहरा एवं अन्य अवसर पर दी जाने वाली छुट्टियों में उनकी सैलरी काट दी जाती है। ऐसे में उन्हें 50 हजार से भी कम सैलरी मिल पाती है। छुट्टियों से अतिथि व्याख्याताओं को राहत मिलने के बजाय सीधा-सीधा आर्थिक नुकसान हो जाता है। अतिथि व्याख्याताओं ने कहा है कि असिस्टेंट प्रोफेसर्स की बेसिक सैलरी ही 57700 रूपए दी जाती है। ऐसे में अतिथि व्याख्याताओं को कम से कम 57,700 रुपये एकमुश्त वेतनमान के रूप में ही भुगतान कर दिए जाएं तो राहत मिल जाएगी। अतिथि व्याख्याताओं ने कालखण्ड आधारित व्यवस्था को समाप्त करते हुए आगामी शिक्षा सत्र 2026-27 से एकमुश्त मासिक सैलरी के रूप में 57,700 रुपये वेतन भुगतान करने की मांग की गई है।

■ **कालखंड आधारित सैलरी में बदलाव की मांग**

## मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर वेबिनार

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग एनएमसी नई दिल्ली के एंटी रैगिंग सेल द्वारा स्नातकोत्तर मेडिकल विद्यार्थियों का मानसिक स्वास्थ्य एवं कल्याण विषय पर बुधवार को ऑनलाइन वेबिनार आयोजित किया गया। इस वेबिनार में सिम्स के विभागाध्यक्षों, फैकल्टी सदस्यों एवं स्नातकोत्तर पीजी मेडिकल विद्यार्थियों ने सहभागिता की। वेबिनार में स्नातकोत्तर मेडिकल विद्यार्थियों में मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर विस्तृत जानकारी प्रदान करने के साथ ही विभिन्न अध्ययन प्रकरणों के माध्यम से मेडिकल रेजिडेंट्स के बीच मानसिक उत्पीड़न तथा विषाक्त कार्य संस्कृति जैसे विषयों पर चर्चा की गई। स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग, निश्चेतना विभाग तथा अस्थिरोग विभाग के स्नातकोत्तर विद्यार्थियों से जुड़े मानसिक स्वास्थ्य विषयों पर विशेषज्ञों द्वारा व्याख्यान दिए गए। कार्यक्रम में बताया गया कि इस प्रकार के वेबिनार से संस्थान में अध्ययनरत स्नातकोत्तर विद्यार्थियों की अध्ययन क्षमता एवं कार्य गुणवत्ता में वृद्धि होने के साथ ही विभागीय समन्वय स्थापित होने से विद्यार्थियों को सौंपे गए दायित्वों का निर्धारित समय-सीमा में सुव्यवस्थित ढंग से निर्वहन करने में सहायता मिलेगी। राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग द्वारा आयोजित इस ऑनलाइन वेबिनार में सिम्स बिलासपुर से प्रभारी अधिष्ठाता एवं संयुक्त संचालक सह चिकित्सा अधीक्षक डॉ. लखन सिंह, नोडल अधिकारी नवीन सिम्स भवन डॉ. भूपेंद्र कश्यप, प्रभारी अधिकारी छात्र शाखा डॉ. सागरिका प्रधान, मनोरोग विभागाध्यक्ष डॉ. एसके नायक, फॉरेंसिक मेडिसिन विभाग के डॉ.हेमलता ठाकुर, ईएनटी विभाग की डॉ.आरती पाण्डेय, सूक्ष्मजैविकी विभाग की डॉ.रेखा बारपांडे तथा सहायक प्रभारी छात्र शाखा डॉ.सचिन पाण्डेय सहित विभिन्न विभागों के फैकल्टी सदस्य एवं बड़ी संख्या में स्नातकोत्तर मेडिकल विद्यार्थी उपस्थित रहे।




## एजुकेशन प्लस

### बर्जेस अंग्रेजी शाला के बच्चों ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन



**बिलासपुर।** बर्जेस अंग्रेजी शाला के बच्चों ने सीबीएसई कक्षा बारहवीं के परिणाम में शहर में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

इसमें अर्चिता रमानी ने 95.6 फीसदी अंक, कृष सलूजा ने 94.2 फीसदी अंक, अनिशा साहू ने 94.2 फीसदी अंक, दीपक देशर ने 94 फीसदी, विनायक मिश्रा ने 93.6 फीसदी, श्रुति गुप्ता ने 93.5 फीसदी, ऐश्वर्या सोनी ने 92.8 फीसदी, नमन जैसवाल ने 88.6 फीसदी और प्रखर पाण्डेय ने 87.4 फीसदी अंक प्राप्त किया है। शाला की प्राचार्य श्रीमती निशिता हंसा दास ने बताया कि खुशी की बात है कि बर्जेस अंग्रेजी शाला के बच्चों ने इस वर्ष शहर में अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। इस परिणाम का श्रेय शाला के शिक्षकों और बच्चों के साथ अभिभावकों को जाता है, जिनकी कड़ी मेहनत से उत्कृष्ट परीक्षा परिणाम आया। शाला प्रबंधन के छत्तीसगढ़ डायोसिस बोर्ड ऑफ एजुकेशन के सचिव जयदीप रॉबिंसन ने बताया कि बर्जेस अंग्रेजी शाला हमेशा से बच्चों के उत्तरोत्तर विकास के लिए परिश्रम करता है, चाहे वह शिक्षा के क्षेत्र में हो या खेल के क्षेत्र में दोनों ही क्षेत्र में शाला के विद्यार्थी अपना उत्कृष्ट प्रदर्शन देते हैं। इसके लिए शाला के सभी शिक्षक शिक्षिकाओं के साथ सभी बच्चों को बधाई और शुभकामनाएं हैं, कि इसी तरह वह भविष्य में अपना और शाला का नाम ऊंचा करते रहें।

## मरणासन्न कथन व कानूनी प्रक्रिया में सावधानी बरतें विवेचकः आईजी

**बिलासपुर।** गंभीर अपराधों की विवेचना को त्रुटिहीन बनाने और न्यायालयों में सजा का प्रतिशत बढ़ाने के उद्देश्य से बुधवार को एक महत्वपूर्ण मरणासन्न कथन विषय पर रेंज स्तरीय ऑनलाइन कार्यशाला का आयोजन किया गया।

आईजी राम गोपाल गर्ग के मार्गदर्शन में मरणासन्न कथन, कानूनी प्रक्रिया, सावधानियां और विवेचकों के लिए दिशा-निर्देश पर इस एक दिवसीय कार्यशाला में पुलिस अधीक्षक भोजराम पटेल द्वारा कार्यक्रम का संचालन किया। शासकीय अधिवक्ता रजनीकांत ठाकुर को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ करते हुए पुलिस महानिरीक्षक ने कहा कि अपराध विवेचना के दौरान पीड़ित का मृत्यु पूर्व कथन और डीएनए साक्ष्यों का सही संकलन अपराधियों को सजा दिलाने में सबसे महत्वपूर्ण कड़ी होता है। अक्सर प्रक्रियाओं में होने वाली छोटी सी



त्रुटि का लाभ आरोपियों को मिल जाता है, इस कार्यशाला का मुख्य उद्देश्य इन कमियों को दूर करना है। कार्यशाला के दौरान शासकीय अधिवक्ता रजनीकांत ठाकुर के द्वारा मरणासन्न कथन विषय पर विशेष रूप से प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में बताया गया कि भारतीय साक्ष्य अधिनियम 2023 की धारा 26 के तहत मृत्युकालिक कथन एक बेहद ठोस साक्ष्य है। मजिस्ट्रेट द्वारा प्रश्नोत्तर प्रारूप में दर्ज बयान को न्यायालय में सर्वाधिक महत्व दिया जाता है। विवेचकों को निर्देशित किया गया कि बयान दर्ज करने से पहले और बाद में डॉक्टर से पीड़ित के मानसिक रूप से स्वस्थ होने का प्रमाणपत्र लेना अनिवार्य है।

प्रमाणपत्र के अभाव में हाईकोर्ट द्वारा सजा पलटने के हालिया न्यायिक दृष्टांतों का उदाहरण देकर सावधानियों से अवगत कराया गया।अभियोजन अधिकारियों द्वारा विवेचकों को चालान पेश करते समय कॉपी-पेस्ट से बचने, एफएसएल रिपोर्ट में रक्त समूह का मिलान अनिवार्य रूप से कराने व एससी-एसटी एक्ट के मामलों में प्रारंभिक जांच में ही जातिगत शब्दों का स्पष्ट उल्लेख करने तथा गवाहों को कोर्ट में गवाही से पूर्व विधिक तैयारी कराने के निर्देश दिए गए।



# पद्मिनी एकादशी पर भगवान श्याम का फूलों से श्रृंगार



अधिमास पद्मिनी एकादशी पर बुधवार को श्याम एकादशी उत्सव मनाया गया। श्रीराम मंदिर तिलक नगर से एक भव्य निशान यात्रा निकाली गई। शाम को आयोजित भजन संध्या में आमंत्रित भजन प्रवाहक एवं स्थानीय कलाकारों ने मिलकर प्रभु का गुणगान किया।

**निकाली गई निशान यात्रा, भजन संध्या में कलाकारों ने किया प्रभु का गुणगान**





हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

जय श्रीश्याम मंदिर ट्रस्ट बिलासपुर के सदस्यों ने बताया कि एकादशी के उपलक्ष्य में भगवान श्याम का दिल्ली से मंगाए गए सतार, गुलाब, रजनीगंधा, मोंगरा, गेंदा के 121 केजी फूलों से विशेष श्रृंगार कर महाआरती की गई।

निशान यात्रा राम मंदिर तिलकनगर से निकल कर देवकीनंदन चौक, सदर बाजार, गोल बाजार होते हुए श्री खाटू श्याम मंदिर घोंघा बाबा मंदिर परिसर पहुंच कर समाप्त हुई। यहां श्याम भक्तों ने हाथ में लिए 156 निशान को मंदिर में चढ़ाया। शाम को आयोजित भजन संध्या में भगवान श्याम पर आधारित भजन गाए गए। इससे पूरा माहौल श्याममय बना रहा। पद्मिनी एकादशी जिसे कमला एकादशी भी कहा जाता है, हर तीन साल में एक बार आने वाले 'अधिक मास' (पुरुषोत्तम मास) के शुक्ल पक्ष में पड़ती है। भगवान विष्णु को समर्पित इस पुण्यदायी व्रत के प्रभाव से सभी पाप नष्ट होते हैं और साधक को मनवांछित फल, संतान सुख व मोक्ष की प्राप्ति होती है।

### पद्मिनी ने की थी भगवान विष्णु की आराधना

पदमनी एकादशी ज्येष्ठ माह के अधिक मास में आती है, जो सामान्यतः मई और जून के महीनों में पड़ता है। पद्मपुराण के अनुसार इस व्रत को करने का पुण्य अश्वमेध यज्ञ के समान माना गया है। ऐसी मान्यता है कि इसी व्रत के प्रताप से माता सती के रूप में रानी पद्मिनी ने भगवान विष्णु की आराधना की थी।

### दान का है विशेष महत्व

एकादशी के दिन जल दान, वस्त्र दान या अन्न दान करने का विशेष महत्व है। अगले दिन द्वादशी तिथि पर सूर्योदय के बाद ब्राह्मणों या जरूरतमंदों को भोजन कराना एवं पद्मिनी एकादशी व्रत कथा का पाठ अच्छा माना जाता है। इस एकादशी का आध्यात्मिक फल कई गुना बढ़ जाता है। यह अन्य एकादशी तिथियों से इसलिए विशेष है, क्योंकि यह केवल अधिक माह के शुक्ल पक्ष में आती है। पद्मिनी एकादशी का व्रत करने से साधक को जीवन में सुख-समृद्धि की प्राप्ति होती है।

**आयोजन**

## वनवासी कुंज आश्रम में छात्राओं को मिला जीवनोपयोगी ज्ञान




**बिलासपुर।** वनवासी कल्याण कुंज आश्रम के ग्रीष्मकालीन शिक्षण वर्ग शिविर में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आई छात्राओं के जीवन में एक नई रोशनी का संचार हुआ। भारत स्काउट एंड गाइड की जिला संगठन आयुक्त डॉ पूनम सिंह ने अपने ओजस्वी उद्बोधन से छात्राओं को जागरूकता और आत्मविश्वास के पंख दिए। शिविर में डॉ पूनम सिंह ने 'मासिक धर्म स्वच्छता प्रबंधन' जैसे संवेदनशील किंतु अति-आवश्यक विषय पर वर्जनाओं की दीवारें तोड़ते हुए खुलकर संवाद किया। उन्होंने न केवल स्वास्थ्य और स्वच्छता के वैज्ञानिक पक्ष को सरलता से समझाया, बल्कि छात्राओं को इस प्राकृतिक प्रक्रिया के प्रति गर्व और सहजता का भाव भी जगाया। साथ ही स्काउटिंग गतिविधियों की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि स्काउट-गाइड का प्रशिक्षण अनुशासन, सेवाभाव और नेतृत्व का जीवंत पाठशाला है। रेंजर लीडर निशा साहू एवं गाइड कैप्टन कौशल्या साहू ने छात्राओं को राज्यपाल अवार्ड, राष्ट्रपति अवार्ड, क्लैपिंग, आपदा प्रबंधन तथा एडवेंचर हाईक जैसी रोमांचक व गौरवपूर्ण गतिविधियों से परिचित कराया। छात्राओं ने जिज्ञासा भरे अनेक प्रश्न पूछे और सत्र को अत्यंत ज्ञानवर्धक एवं प्रेरणादायी बताया। वहां उपस्थित सभी छात्राओं ने उत्साहपूर्वक कहा कि हम इन स्काउटिंग गतिविधियों से अवश्य जुड़ेंगे और राष्ट्रहित हेतु सेवा कार्य करने के लिए सदैव तत्पर रहेंगे। इस प्रेरणादायी सत्र के लिए जिला संगठन आयुक्त डॉ पूनम सिंह को आरती दांडेकर द्वारा सादर आमंत्रित किया गया था।

**कार्यक्रम**

## कीर्तिशेष डॉ पालेश्वर शर्मा कृति का प्रकाशन पर चर्चा



**बिलासपुर।** कीर्तिशेष डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा इन दिनों साहित्यिक एवं बौद्धिक जगत में चर्चा का विषय बनी हुई है। इस महत्वपूर्ण कृति का संपादन डॉ शर्मा के शिष्य एवं हिंदी- छत्तीसगढ़ी के समर्थ रचनाकार डॉ देवधर महंत ने किया है ग्रन्थ में 47 कलमकारों ने डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा के विराट व्यक्तित्व और कृतित्व का विश्लेषण एवं व्याख्यान किया है। 51 सारगर्भित आलेखों, संस्मरणों एवं टिप्पणियों से समन्वित यह कृति डॉ शर्मा कीर्ति कौमुदी से अनुप्राणित है। डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा का जीवन वृत्त बहुआयामी रहा है। सन् 1942 के 14 वर्षीय किशोर छत्तीसगढ़ी के ललित निबंधकार एवं कथाकार, शब्दकोशकार, समीक्षक, प्रखर वक्ता जैसे अनेक आयामों से उनका व्यक्तित्व निर्मित हुआ। भारतीय संस्कृति के ध्वजवाहक, ऋषि एवं कृषि संस्कृति के उपासक, छत्तीसगढ़ी गद्य साहित्य के युगप्रवर्तक, हिंदी के मूर्धन्य साहित्यकार,भाषाविद् एवं शिक्षाविद् डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा छत्तीसगढ़ी लोकभाषा के चलते-फिरते इंसाइक्लोपीडिया थे। यदि डॉ पालेश्वर प्रसाद शर्मा के साढ़े सतासी वर्षीय जीवन यात्रा की सार्थकता से परिचित होना है, तो इस कृति से गुजरना अनिवार्य है। इस ग्रन्थ को सजाने-संवारने में पं दानेश्वर शर्मा, पं. राजेन्द्र- प्रसाद शुक्ल, दिनेश शर्मा, डॉ विमलकुमार पाठक, डॉ गणेश खरे, ईश्वर शरण पांडेय, डॉ चित्तरंजन कर, सतीश जायसवाल, परदेशी राम वर्मा, राहुल सिंह, रामेश्वर वैष्णव, गिरीश पंकज, जागेश्वर प्रसाद, मन्नीलाल कटकवार, डॉ अजय पाठक, डॉ राजन यादव, डॉ महेन्द्रकुमार ठाकुर, बजरंग केडिया,डॉ गंगाधर पटेल 'पुष्कर', अनन्य शर्मा सहित विदुषियों सरला शर्मा, शशि दुबे, डा. बेला महंत, मेघा तम्हाने ने अपने शब्द-पुष्प अर्पित किए हैं।




## स्टोरी टेलिंग, मूवमेंट व वॉइस मॉड्यूलेशन की बारीकियों से परिचित कराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

शहर में रंगमंच के प्रति बढ़ती रुचि के बीच अग्रज नाट्य दल की 45 दिवसीय अभिनय एवं रंगमंच प्रशिक्षण कार्यशाला लगातार नए आयाम गढ़ रही है। कार्यशाला के अंतर्गत प्रतिभागियों को अभिनय की बारीकियों के साथ-साथ अभिव्यक्ति, संवाद और मंचीय प्रस्तुति के विभिन्न पक्षों का गहन प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

इसी क्रम में छत्तीसगढ़ी फिल्मों और रंगमंच के चर्चित अभिनेता पुष्पेंद्र सिंह ने विशेष सत्र लेकर प्रतिभागियों को स्टोरी टेलिंग, मूवमेंट और वॉइस मॉड्यूलेशन की बारीकियों से परिचित कराया। पुष्पेंद्र सिंह लंबे समय से देशभर में रंगमंच से जुड़े रहे हैं। उन्होंने भोपाल में प्रसिद्ध रंग निर्देशक बंसी कौल के साथ लंबे समय तक कार्य किया है। अभिनय के साथ-साथ मंच सामग्री और सेट डिजाइन में भी उनकी विशेष पकड़ मानी जाती है। वे लिटिल बैले ग्रुप के साथ भी लंबे समय तक सक्रिय रूप से जुड़े रहे हैं। कार्यशाला में आयोजित उनके सत्रों के दौरान प्रतिभागियों के साथ संवादात्मक और प्रयोगधर्मी अभ्यास करवाए गए। स्टोरी टेलिंग पर काम करते हुए उन्होंने प्रतिभागियों से ही कहानी को आगे बढ़वाया, जिससे उनकी कल्पनाशक्ति, त्वरित प्रतिक्रिया क्षमता और मंचीय आत्मविश्वास विकसित हो सके। अभिनय आधारित अभ्यासों के माध्यम से प्रतिभागियों के संप्रेषण कौशल को बेहतर बनाने का प्रयास भी किया गया। सत्र के दौरान शरीर की गति, मंच पर उपस्थिति, आवाज़ के उतार-चढ़ाव और भावाभिव्यक्ति पर विशेष अभ्यास करवाए गए। प्रतिभागियों ने इन गतिविधियों में उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए अभिनय की नई तकनीकों को समझा।

## जब चारों ओर अंधेरा छाने की आशंका हो तो हर व्यक्ति के हाथ में दीपक जरूर होना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर





संयुक्त महिला संगठन ने परिचर्चा का आयोजन किया,इसमें प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता से की गई पर बात रखी। सभी सदस्यों ने एकमत पीएम मोदी की सभी बातों का समर्थन किया तथा उन्हें पूरा करने की बात कही। गोष्ठी की शुरूवात शिल्पी केडिया ने कहा कि जब देश सकंट में हो तो हम सभी को एकमत होकर अपने अपने हिस्से का योगदान देना चाहिए। प्रिया भंडारी ने कहा कि हम कभी विदेश नहीं गए,पहली बार दुबई जाने की टिकटें हो गई थी, पर पीएम मोदी की बात सुनकर हमने प्रोग्राम कैंसिल कर दिया। पूनम श्रीवास्तव का मानना था कि पहले हम अपने देश के खूबसूरत स्थान देख लें, विदेश जाने का फितूर ना पालें। संगीता केडिया ने इस बात पर जोर दिया कि यदि कोई दोपहिया या कार लेने की सोच रहे हो तो इलेक्ट्रिकल वाहन ही लें ताकि पेट्रोल की बचत हो सके। शिखा अग्रवाल ने वर्क फाम होम पर जोर दिया। राधा मित्तल ने कहा कि सोना हमारी जरूरत नहीं हैं, विलासिता की वस्तु है। वैसे भी जिनके पास है वो लाकर में रखते है। एडवोकेट इंदिरा त्रिपाठी का मानना था कि हमारे देश के प्रधानमंत्री हमारे एवं देश के उज्जवल भविष्य के लिए सब कुछ कह रहे हैं। हमें उनकी हर बात का अनुशरण करना चाहिए। इसके बाद सभी महिलाओं का जन्मदिवस मनाया गया तथा उन्हें उपहार दिए गए। सभी ने हाउजी तथा गेम का आनंद लिया। बंगाल विजय के उपलक्ष्य में सभी को झालमुड़ी खिलाई गई साथ ही अन्य जलपान भी किया। संगठन अध्यक्ष विद्या केडिया ने गोष्ठी के समापन में कहा कि जब चारों ओर अंधेरा छाने की आशंका हो तो हर व्यक्ति के हाथ में दीपक जरूर होना चाहिए। इस अवसर पर सीता सोंथालिया, कविता जाजोदिया, चन्दा मित्तल, अंशु अग्रवाल, सुधा गाड़ोदिया ममता जाजोदिया, लक्ष्मी जैन, सुमन अग्रवाल, अनीता सोंथालिया, आशा बजाज, ममता अग्रवाल, रेखा सिंघानिया मीरा अग्रवाल,पुष्पा तायल, साधना शर्मा,कविता त्रिपाठी,नीता केशरवानी, सावित्री अग्रवाल,जीत उपवेजा शशि आहूजा, रश्मि छाबड़ा आदि उपस्थित थी।

## प्रदेश की टीम नेशनल सब जूनियर बेसबाल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में

**स्पोर्टर्स न्यूज**

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर



छत्तीसगढ़ प्रदेश बेसबाल की बालक-बालिका टीम ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए नेशनल सब जूनियर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। बेसबॉल संघ की महासचिव मिताली घोष ने बताया कि 31वीं सब-जूनियर राष्ट्रीय बेसबॉल चैंपियनशिप 24 से 29 मई तक केआईआईटी यूनिवर्सिटी भुवनेश्वर ओड़िशा में आयोजित की जा रही है, जिसमें छत्तीसगढ़ की बालक एवं बालिका बेसबॉल टीम लगातार शानदार प्रदर्शन करते हुए सेमीफाइनल में पहुंच गई है।

प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ बालक टीम का सामना राजस्थान से हुआ। मैच में छत्तीसगढ़ टीम ने शुरुआत से ही आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए शानदार हिटिंग एवं मजबूत फील्डिंग का परिचय दिया। खिलाड़ियों के बेहतरीन तालमेल और लगातार रन बनाने की बदौलत टीम ने मुकाबला एकतरफा अंदाज में 15-0 से जीतकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वहीं बालिका वर्ग के क्वार्टर फाइनल मुकाबले में छत्तीसगढ़ टीम का सामना पंजाब से हुआ। यह मुकाबला काफी रोमांचक रहा, जिसमें छत्तीसगढ़ की खिलाड़ियों ने सूझबूझ, अनुशासन और बेहतरीन टीमवर्क का प्रदर्शन करते हुए 2 रन बनाए तथा पंजाब टीम को पूरे मैच में एक भी रन नहीं बनाने दिया। शानदार फील्डिंग और मजबूत डिफेंस के दम पर छत्तीसगढ़ बालिका टीम ने मुकाबला 2-0 से अपने नाम कर सेमीफाइनल में जगह बनाई। पूरे टूर्नामेंट में छत्तीसगढ़ की दोनों टीमों ने लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। बालक वर्ग में संजू, राहुल, चंद्रेश, हर्षवर्धन, दीपक, कमल, पंकज एवं अथर्व ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया।

वहीं बालिका वर्ग में कामिनी, मुकेश, रागिनी, सोनाली, खुशी, आयुषी, चांदनी एवं शालिनी ने बेहतरीन खेल दिखाते हुए टीम की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। छत्तीसगढ़ टीम के कोच एवं मैनेजर अख्तर खान, लखन लाल देवांगन, चेतना देवलिया, पायल साखरे एवं संदीप गाहिरे खिलाड़ियों का लगातार मार्गदर्शन कर रहे हैं। दोनों टीमों का सेमीफाइनल मुकाबला गुरुवार को खेला जाएगा।

## जूनियर नेशनल बास्केटबाल की टीम सेमीफाइनल में

छत्तीसगढ़ की बालिका बास्केटबॉल टीम ने पुद्दुचेरी में बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया के द्वारा पुद्दुचेरी बास्केटबॉल एसोसिएशन के सहयोग से आयोजित जुनियर नेशनल बास्केटबॉल प्रतियोगिता के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छत्तीसगढ़ टीम ने क्वार्टर फाइनल मैच में महाराष्ट्र की टीम को 56-44 अको से परास्त कर सेमीफाइनल में प्रवेश किया।



प्रदेश बास्केटबॉल संध में विवाद होने के कारण बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा छत्तीसगढ़ टीम के चयन के लिए एड हॉक कमेटी बनाई है, जो छत्तीसगढ़ के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की टीम चयनीत कर विभिन्न राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भेजती है। छत्तीसगढ़ की इस टीम को भी बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की चयन समिति के चेयरमैन शक्ति सिंह गोहिल एवं भारतीय बास्केटबॉल टीम के कई वर्षों तक कप्तान रहे। वर्षो भारतीय रेल्वे टीम के कप्तान, भारतीय टीम के कोच, चयनकर्ता, खेलों इंडिया की टेलेंट आईडेंटिफिकेशन कमेटी के सदस्य, बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया की टेलेंट रिसर्च विंग के सदस्य एवं बास्केटबॉल खेल के लाईफटाईम अवार्ड ध्यान चंद अवार्ड से सम्मानित रामकुमार ने मिलकर चयनित किया था। इस कमेटी में कोई भी स्थानीय सलेक्टर नहीं थे। उनके द्वारा छत्तीसगढ़ के अच्छे खिलाड़ियों को चयनीत किया जिसके कारण वर्षों बाद ईस टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसके पूर्व लीग मैचेस में छत्तीसगढ़ की टीम ने पिछले कई वर्षों से लगातार गोल्ड मेडल प्राप्त करने वाली तमिलनाडु और कर्नाटक को परास्त किया थ। छतीसगढ की और से पुरी प्रतियोगिता में रूमी कोनवर, अदिति कोडापे, अंजली कोडापे, अंजनी, सोफी सिका, दिव्या रंगारी एवं नंदनी माधो प्रधान ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। क्वार्टर फाइनल मैच में छत्तीसगढ़ की और से अंजनी एवं सोफी सिका ने 11-11 अंक, अदिति कोडापे ने 10 अंक, दिव्या रंगारी ने 9 अंक, अंजली कोडापे 7 अंक, टूर्नामिंट की वन आफ द बेस्ट शुटर में से एक रुमी कोनवर ने 6 अंक लगाए। वहीं महाराष्ट्र की ओर से वेदिका सिंह ने 18 अंक, आर्या फटांगे ने 10 अंक और अन्वी कुलकर्णी ने 8 अंक बनाया। गुरुवार को सेमीफाइनल में छत्तीसगढ़ का मुकाबला केरल एवं हरियाणा की विजेता टीम से होगा। बालिका टीम में अंजली कोडापे कप्तान, अदिति कोडापे, अंजनी, रूमी कोनवर, सोफी सिका, नंदनी माधो प्रधान, नताशा प्रजापति, दिव्या रंगारी, पारूल वर्मा और नित्या पांडे, कलश झा एवं सारा सिंह, टीम के कोच अंतर्राष्ट्रीय कोच कालवा राजेश्वर राव, सहायक कोच लुमेन्द्र साहू एसईसीआर, मैनेजर अनिता तिर्की हैं।

## राज्यस्तरीय वुशू खेल में खिलाड़ियों ने जीते 11 पदक

17वीं सब जूनियर राज्यस्तरीय वुशू प्रतियोगिता डोंगरगढ़ में आयोजित की गई। शहर के 4 वर्ष से 15 वर्ष तक के बच्चों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अपने नाम किए। खिलाड़ियों की इस उपलब्धि से पूरे शहर में खुशी का माहौल है। प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने कुल 11 पदक जीतकर शहर का नाम रोशन किया। गोल्ड मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में शान्वी सिंह, अनन्या थापा, आराध्या तिवारी, यशिका दीवान, विश्वनाथ शामिल रहे। वहीं सिल्वर मेडल विजेताओं में वंशिका थापा एवं देवांशी मानेश्वर और यश साहू ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। ब्रॉन्ज मेडल जीतने वाले खिलाड़ियों में अक्षत तिवारी, मुदित मानेश्वर एवं वेदांश तिवारी शामिल रहे। इस शानदार जीत के बाद सभी खिलाड़ियों को आगामी राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में भाग लेने का अवसर प्राप्त होगा, जिससे बच्चों और उनके अभिभावकों में उत्साह का माहौल है। कोच वीरेंद्र धीवर ने बताया कि वुशू खेल को देशभर में तेजी से पसंद किया जा रहा है तथा छत्तीसगढ़ में भी इसकी लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। आने वाले समय में यह खेल अन्य प्रमुख खेलों की तरह अपनी अलग पहचान और महत्व स्थापित करेगा।



## खबर संक्षेप

### आज लोरमी क्षेत्र के दौरे पर रहेंगे डिप्टी सीएम

**लोरमी।** उप मुख्यमंत्री अरूण साव 28 मई को क्षेत्र का एक दिवसीय दौरा करेंगे। सर्वप्रथम वे दोपहर 12 बजे वार्ड क्र. 13, नगर उद्यान एवं नवीन स्वीकृति शास.उ.मा. विद्यालय का निरीक्षण कर दोप. 1:45 बजे गांधीडीह, वार्ड क्र. 8 शोक संतप्त परिवार से मुलाकात एंव श्रद्धांजलि एवं ग्राम अमलडीही में शोक संतप्त परिवार से मुलाकात एंव श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। दोपहर 3.30 बजे ग्राम-खुड़िया में आयोजित छग साकत पनिका समाज सामुहिक आदर्श विवाह एवं राज्य स्तरीय सम्मेलन में मुख्य अतिथि के रूप में सम्मिलित होंगे। सायं 5 बजे ग्राम-सरईपतेरा में शोक संतप्त परिवार से मुलाकात एंव श्रद्धांजलि अर्पित करेंगे। सायं 5:45 बजे नगर के विधायक कार्यालय में रहेंगे। सायं 7:30 बजे ग्राम सारिसताल में आयोजित रात्रिकालिन क्रिकेट प्रतियोगिता में सम्मिलित होंगे।

### सरगांव क्षेत्र में 30 से 1 जून तक शुष्क दिवस

**मुंगेली।** नगरीय निकाय उपचुनाव 2026 को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला प्रशासन ने सरगांव क्षेत्र में शुष्क दिवस घोषित किया है। कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कुन्दन कुमार द्वारा जारी आदेश के अनुसार जिले में संचालित सभी देशी कम्पोजिट मदिरा दुकान सरगांव एवं विदेशी मदिरा दुकान सरगांव निर्धारित अवधि तक पूर्णतः बंद रहेंगी। जारी आदेश में छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए 30 मई की शाम 5 से 1 जून की शाम 5 बजे तक तथा मतगणना दिवस 4 जून को प्रातः 10 बजे से मतगणना समाप्ति तक "शुष्क दिवस" घोषित किया गया है।

### हत्या के प्रयास के मामले में आरोपी को दस साल की सजा

**कोरबा।** पुरानी बस्ती में पुराने विवाद को लेकर हत्या का प्रयास किये जाने के मामले में दोष सिद्ध पाये जाने पर न्यायालय ने आरोपी को दस वर्ष सश्रम कारावास व 1 हजार रुपए का अर्थदंड से दंडित किया है। शासकीय अभिभाषक मोहन सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि 22 अप्रैल 2025 को रात्रि करीब 9:30 बजे प्रार्थी विशाल साहू सामान लेने बाहर जा रहा था। जब वह चित्रा टॉकीज के पास पहुँचा, उसी समय आरोपी कृष गोलू उसके पास आकर पुरानी रंजिश को लेकर माँ बहन की अश्लील गॉली-गलौच कर जान से मारने की धमकी देते हुये उसके साथ हाथ-मुक्के से मारपीट किया तथा हाथ में रखे ब्लेड से प्रार्थी के गले में वार किया, जिस पर प्रार्थी द्वारा अपना बचाव किये जाने के दौरान उसके हाथ में ब्लेड से चॉट लगी। मामले में पुलिस ने धारा 296, 351(2), 109, 115 (2) के तहत अपराध पंजीबद्ध किया गया। अतिरिक्त लोक अभियोजक मोहन सोनी ने बताया कि हत्या के प्रयास में धारा 109 (1) के मामले में आरोपी विकास दास उर्फ़ कृष गोलू महंत को अपर सत्र न्यायाधीश फास्ट ट्रैक कोर्ट सीमा प्रताप चन्द्रा द्वारा भारतीय न्याय संहिता की धारा 109 (1) में 10 वर्ष सश्रम की सजा व एक हजार रुपए अर्थदंड व धारा 351(2) में 2 वर्ष की सजा सुनाई है। उक्त घटना पुरानी बस्ती की है जहां मामूली विवाद पर आरोपी ने प्रार्थी पर ब्लेड से गले पर वार करके उसकी जान लेने की कोशिश की थी।

### नगर के लोगों में दिखा गम और गुस्सा, बंद का किया समर्थन

# दो बच्चों के सिर से उठा पिता का साया, नम आंखों से दी विदाई






हरिभूमि न्यूज ⏭ पेंड्रा

कोटमी साप्ताहिक बाजार में सर्राफा व्यापारी प्रदीप सोनी की गोली मारकर हत्या से उनके परिवार और दो बच्चों के सिर से पिता का साया उठ गया। इस घटना के बाद स्थानीय लोगों और परिजनों में भारी आक्रोश देखा जा रहा है। बुधवार को गमगीन माहौल में स्व. सोनी की अंतिम यात्रा निकाली गई। नया बस स्टैंड स्थित मुक्तिधाम में उनका अंतिम संस्कार किया गया, जहां उनके पुत्र ने मुखाग्नि दी।



■ मुक्तिधाम में अंतिम दर्शन करने लगी लोगों की भीड़

प्रदीप सोनी अपने परिवार के इकलौते सहारे थे। मरवाही रोड, शिशु मंदिर के पास वे आद्या ज्वलर्स के नाम से ज्वेलरी की दुकान चलाते थे। उनकी अचानक मौत से परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा है। परिजन लगातार न्याय की मांग कर रहे हैं और चाहते हैं कि आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर कड़ी सजा दी जाए। मृतक प्रदीप सोनी अपने पीछे पत्नी पूजा सोनी एवं दो बच्चे पुत्र पार्थ सोनी 21 साल व पुत्री आद्या सोनी 16 साल को छोड़कर चले गए हैं। नगरवासियों ने बताया कि प्रदीप सोनी मिलनसार और मेहनती स्वभाव के व्यक्ति थे। उनकी आकस्मिक मौत से पूरे नगर में शोक का माहौल है। हर किसी की आंखें नम दिखीं। पीड़ित परिवार को सांत्वना देने के लिए नगरवासी व परिजन पहुंचते रहे। जब से पत्नी और बच्चों को घटना की जानकारी हुई उनका रो रोकर बुरा हाल हो गया है। बुधवार की सुबह से ही गौरेला और पेंड्रा सहित जिला पूरी तरह बंद रहा। व्यापारियों ने साफ कहा कि जब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं होती, आंदोलन जारी रहेगा। इधर पीड़ित परिवार पोस्टमार्टम कराने को तैयार नहीं था। परिजनों का कहना था कि अपराधियों की गिरफ्तारी तक पोस्टमार्टम नहीं कराया जाएगा। हालांकि पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की समझाइश के बाद परिजन पोस्टमार्टम के लिये तैयार हुए। कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने तीन डॉक्टरों की विशेष टीम गठित की और वीडियोग्राफी के बीच पोस्टमार्टम कराया गया।



#### व्यापारियों ने रखी दुकानें बंद

इस सनसनीखेज वारदात के विरोध में जिले के व्यापारियों ने बाजार बंद रखा। उनका कहना है कि साप्ताहिक बाजार जैसे भीड़ वाले स्थान पर इस तरह की घटना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करती है। व्यापारियों ने प्रशासन से सुरक्षा के कड़े इंतजाम और दोषियों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। स्थिति को देखते हुए प्रशासन ने क्षेत्र में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया है, ताकि कानून-व्यवस्था बनी रहे। फिलहाल पुलिस हर पहलू से मामले की जांच कर रही है और जल्द ही आरोपियों तक पहुंचने का दावा कर रही है।

#### आईजी गर्ग ने ली बैठक

पेंड्रा के गोली कांड में हत्या के मामले में पेंड्रा में बिलासपुर रेंज के आईजी रामगोपाल गर्ग, जिला कलेक्टर श्री देवांगन एवं प्रभारी पुलिस अधीक्षक एवं अन्य अधिकारियों के साथ महत्वपूर्ण बैठक की। इस दौरान कांग्रेसजन ने पीड़ित परिवार के लिए तुरंत न्याय, सोनी परिवार के लिए मुआवजे, अपराधियों को तत्काल गिरफ्तार करने एवं बॉर्डर सील किए जाने की मांग की।

## रेत का अवैध खनन, परिवहन दो चेन माउंटेन एक हाइवा जब्त



**मुंगेली।** जिले में अवैध उत्खनन और खनिजों के अवैध परिवहन पर प्रभावी रोक लगाने जिला प्रशासन लगातार सख्त कार्रवाई कर रहा है। कलेक्टर कुन्दन कुमार के मार्गदर्शन में खनिज विभाग एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने जिले में व्यापक अभियान चलाते हुए अवैध खनन माफियाओं पर बड़ी कार्रवाई की है। संयुक्त टीम ने ग्राम ठेलकी स्थित शिवनाथ नदी घाट पर औचक दबिश देकर बड़े पैमाने पर हो रहे अवैध रेत उत्खनन का खुलासा किया। मौके पर अवैध खनन में प्रयुक्त 2 चेन माउंटेन (पोकलेन) मशीनों को सीज किया गया। इसके साथ ही अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे 1 हाइवा वाहन को भी जब्त किया गया। खनिज अधिकारी ने बताया कि इस दौरान जिले के विभिन्न क्षेत्रों में भी खनिज विभाग द्वारा सघन जांच अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान अवैध परिवहन करते पाए गए कई वाहनों पर कार्रवाई की गई। टीम ने अवैध रूप से रेत परिवहन करते हुए 02 हाइवा, बिना वैध दस्तावेज गिट्टी परिवहन करते 2 वाहन तथा अवैध कोयला परिवहन कर रही 01 गाड़ी को जब्त किया।

## अंतरराज्यीय रेत गिरोह पर शिकंजा



**पेंड्रा।** जीपीएम कलेक्टर डॉ. संतोष देवांगन के निर्देश पर देर रात खनिज विभाग ने बड़ी कार्रवाई करते हुए रेत और गिट्टी के अवैध परिवहन में लगे कई वाहनों को जब्त किया है। खनिज विभाग की टीम ने जोबाटोला क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए अंतरराज्यीय रेत गिरोह पर शिकंजा कसा। देर रात करीब 10 बजे मध्यप्रदेश ले जाई जा रही अवैध रेत से भरे दो हाइवा वाहन क्रमांक सीजी 31 बी 9031 और सीजी 10 एजेड 4266 को जब्त किया गया। इसके साथ ही रेत का अवैध परिवहन करते दो ट्रैक्टर और एक टिप्पर वाहन को भी पकड़ा गया। वहीं गिट्टी का अवैध परिवहन करते पाए जाने पर हाईवा क्रमांक सीजी 12 बीपी 9142 को भी जब्त कर कलेक्टर परिसर में खड़ा कराया गया है।

## अग्रवाल खाद भंडार के गोदाम में कृषि विभाग का छापा

### एक हजार बोरी से अधिक खाद जब्त, दुकान सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ मल्हार



वर्तमान चल में रहे यूरिया सहित अन्य खाद की कमी को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन खाद वितरकों पर पैनी नजर बनाई हुई है देखा जा रहा है कि खाद की कालाबाजारी तो नही हो रही है।

कृषि विभाग की जिला स्तरीय टीम ने बुधवार को खाद बीज वितरण भण्डारण के औचक निरीक्षण के दौरान मल्हार के अग्रवाल खाद भंडार के गोदाम मल्हार - पचपेड़ी रोड में अनाधिकृत उर्वरक भंडारण के ऊपर छापामार कार्रवाई की। इस दौरान एनपीके 200 बोरी, यूरिया 750 बोरी व सुपर फॉस्फेट 240 बोरी का नियम विरुद्ध अवैध रूप से भंडारण करना पाया गया। जिसे अनाधिकृत मानते हुए उर्वरक को जब्त करते हुए गोदाम को सील किया गया। साथ ही अग्रवाल खाद भंडार मल्हार के उर्वरक प्रतिष्ठान का निरीक्षण किया गया जिसमे भी विभिन्न प्रकार की विसंगतियां पाए जाने पर उर्वरकों के व्यवसाय को प्रतिबंधित कर समयावधि में जवाब मांगा गया, साथ ही उर्वरकों के नमूने लेकर जांच के लिए प्रयोगशाला रायपुर भेजा गया। इस दौरान जांच टीम में सहायक संचालक अनिल शुक्ला, मस्तूरी के वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी सह उर्वरक निरीक्षक एके आहिरे, आरएईओ दिग्विजय सिंह क्षत्री, मनोज खांडेकर, कृषक मित्र व कोटवार उपस्थित रहे।

### अवैध शराब बिक्री पर कार्रवाई, जुर्म दर्ज



**मुंगेली।** कलेक्टर जनदर्शन में प्राप्त शिकायत के आधार पर मुंगेली विकासखण्ड के ग्राम भाठा में शिवकुमार यादव से 14.58 लीटर देशी मदिरा प्लेन जब्त कर छत्तीसगढ़ आबकारी अधिनियम की धारा 34(1)(ख), 34(2) एवं 59(क) के अंतर्गत गैर-जमानतीय अपराध पाए जाने पर मौके पर ही आरोपी के विरुद्ध प्रकरण दर्ज किया गया। जिला आबकारी अधिकारी रविशंकर साय ने कहा कि जिले में अवैध शराब के निर्माण, भंडारण एवं बिक्री के विरुद्ध अभियान निरंतर जारी रहेगा तथा ऐसे मामलों में कठोर कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई में आबकारी विभाग के अधिकारी शामिल रहे।

## आवास योजना में घपलेबाजी: फरार आरोपी गिरफ्तार, भेजा गया जेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी



जूनापारा क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम बांधा में प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) में पात्र हितग्राहियों के स्थान पर अपात्र हितग्राहियों लाभ पहुंचाने के फरार आरोपी को पुलिस गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

जानकारी के अनुसार को आवास मित्र राजेश कुमार सोनवानी कंप्यूटर ऑपरेटर अस्थाई रोजगार सहायक रितेश श्रीवास एवं ग्राम पंचायत बांधा के सचिव दिलीप पत्र ने 6 लाख 70 हजार रुपए के भुगतान में फर्जीवाड़ा किया था। मामले में जिला पंचायत बिलासपुर एवं जनपद पंचायत तखतपुर के द्वारा जांच टीम गठित की गई। जांच के बाद जनपद पंचायत तखतपुर के विकास विस्तार अधिकारी सुनील कुमार तिवारी ने जूनापारा चौकी में एफआईआर दर्ज कराई। प्रकरण का मुख्य आरोपी राजेश कुमार सोनवानी फरार था। पुलिस लगातार आरोपी की तलाश में जुटी थी, इसी दौरान उच्चाधिकारियों के निर्देश पर जूना पारा चौकी प्रभारी संजीव ठाकुर के नेतृत्व में पुलिस बल ने आरोपी राजेश सोनवानी को ग्राम बांधा से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

## कांग्रेस ने मनाई चाचा नेहरू की पुण्यतिथि

**तखतपुर।** खम्हरिया कांग्रेस सेवादल के तत्वावधान में प्रथम प्रधानमंत्री पं. जवाहर लाल नेहरू की पुण्यतिथि मनाई गई। नेहरू के तैल चित्र पर पुष्प माल्यार्पण कर भावपूर्ण श्रद्धांजलि अर्पित किया गया एवं वंदेमातरम का गायन किया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के प्रदेश महासचिव प्रदीप ताम्रकार ने अपने उद्बोधन में कहा कि श्री नेहरू जी ने भारत में भारी उद्योगों, तकनीकी शिक्षा और अंतरिक्ष अनुसंधान की नींव रखने का श्रेय दिया जाता है उनकी विदेश नीति पंचशील के सिद्धांतों और गुटनिरपेक्ष आंदोलन पर आधारित थी। कार्यक्रम का संचालन परविंदर सिंह खेड़ा एवं आभार प्रदर्शन संत कुमार भास्कर ने किया। इस अवसर पर कांग्रेस सेवा दल के कार्यकर्ता बहोरन यादव, राजकुमार कौशिक, फनीश सोनी, कोमल दास मानिकपुरी, दिलीप खूंटे, राजू यादव, दुर्गेश दास, संतोष कौशिक, शत्रुघ्न कौशिक, वीरेंद्र कौशिक, सूरज साहू, राकेश यादव, घनश्याम दास मानिकपुरी, राजेश्वर कश्यप,उपस्थित रहे।



### बस ने मारी बाइक सवार को टक्कर मौत



तखतपुर। बस चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दूपहिया वाहन सवार को टक्कर मार दी। जिसकी घटना स्थल पर ही मृत्यु हो गई। पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया। लिदरी निवासी राजेश महादेवा के चाचा बृजराजकिशोर महोदवा 27 मई को सुबह 10 बजे दूपहिया वाहन क्रमांक सीजी 10 सीसी 5520 से तखतपुर की ओर आ रहा था। वाहन जब बेलसरी के पास पहुंचा था तभी सांई ट्रेवल्र्स बस क्रमांक सीजी 10 जी 1167 के चालक ने लापरवाही पूर्वक बस चलाते हुए दूपहिया वाहन को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि सवार के सिर पर गंभीर चोंटे आई और दूपहिया वाहन भी क्षतिग्रस्त हो गया। घायल को तत्काल स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया जहां चिकित्सकों ने परीक्षण उपरांत उसे मृत घोषित कर दिया। प्रार्थी की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी बस चालक के खिलाफ 106,1 125ए, 281 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर मामले को विवेचना में ले लिया।

## कृष्ण की लीलाओं को सुनकर भावविभोर हुए श्रोता




**तखतपुर।** भगवान श्री राम जानकी छोटे मंदिर में महिला मंडली द्वारा आयोजित संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के छठवें दिवस कथा व्यास पंडित धनंजय मिश्रा ने भगवान श्रीकृष्ण की दिव्य लीलाओं का अत्यंत भावपूर्ण वर्णन किया। कथा के दौरान महारास, उद्धव-गोपी संवाद तथा रुक्मिणी विवाह प्रसंग का ऐसा मनोहारी चित्रण किया गया कि श्रद्धालु भक्ति रस में डूब गए। मुख्य यजमान वृंदा सालिक राम सोनी परिवार द्वारा श्रद्धा एवं भक्ति भाव से आयोजन संपन्न कराया जा रहा है। आयोजन के आचार्य पंडित तरुण मिश्रा एवं यजमान वृंदा सालिक सोनी हैं। इसके पश्चात भगवान श्रीकृष्ण एवं माता रुक्मिणी विवाह का सुंदर प्रसंग सुनाया गया। इस अवसर पर सहोदरा पांडेय लक्ष्मी गुप्ता, सुरुचि सोनी, आशा पांडेय, मीना गुप्ता, शकुन श्रीवास, शीतला सोनी, ममता सोनी, श्यामा थवाईत, लक्ष्मी प्रिया मिश्रा, शारदा गुप्ता, सरोजनी गुप्ता, शांति गुप्ता, विजय लक्ष्मी गुप्ता पूनम सिंगरौल, रानू गुप्ता, रुक्मणी गुप्ता उपस्थित रहे।

**समक्ष :- श्रीमान नोटरी महोदय, पेण्ड्रारोड जिला गौरेला पेण्ड्रा - मरवाही (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं संदीप केडिया उम्र 51 वर्ष पिता गणेश प्रसाद केडिया जाति अग्रवाल निवासी गौरेला तहसील पेण्ड्रारोड जिला गौरेला पेण्ड्रा मरवाही छ.ग. का निवासी हूँ जो निम्न कथन शपथ पूर्वक करता हूँ।

1. यह कि, मै उपरोक्त नाम एवं पते का स्थाई निवासी हूँ।

2. यह कि, मेरे नाम संदीप केडिया है तथा यही नाम मेरे आधार कार्ड, बैंक पासबुक एवं अन्य दस्तावेजो में अंकित है परन्तु मेरे स्वयं के पासपोर्ट में मेरा नाम संदीप कुमार केडिया अंकित हो गया है। उक्त दोनो नाम मेरे स्वयं के है परन्तु अब मै अपना एक नाम संदीप केडिया रखना चाहता हूँ तथा भविष्य में मै संदीप केडिया के नाम से ही जाना एवं पहचाना जाउंगा।

3. यह कि मै यह शपथ पत्र अपना नाम संदीप केडिया करने एवं न्यूज पेपर प्रकाशन कराने के समर्थन में यह शपथ पत्र निष्पादित करता हूँ जिसका समस्त दायित्व मेरा स्वयं का होगा।

**शपथकर्ता**
**संदीप केडिया**

**समक्ष नोटरी सिविल जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**शपथ पत्र**

मैं कृष्ण कुमार राठौर उम्र 42 वर्ष, पिता स्व. मेलाराम राठौर, निवासी गतौरा तह. मस्तुरी जिला बिलासपुर (छ.ग.) का निवासी हूँ, जो कि निम्न कथन शपथपूर्वक बयान करता हूँ :-
1. यह कि मैं उपरोक्त नाम पते का निवासी हूं।
2. यह कि मेरी पुत्री ईशी राठौर का जन्म दिनांक 19.09.2016 में पेन्डलवार नर्सिंग होम हॉस्पिटल तोरवा बिलासपुर में हुआ है जिसका पुस्तक क्रमांक 16386, अनुक्रमांक 35 एवं रजिस्ट्रीकरण क्रमांक 35 है। 3. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में नाम ईशी राठौर दर्ज है, जिसे परिवर्तन कर ईशानी राठौर दर्ज कराना चाहता हूं। 4. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में जन्म दिनांक 01.12.2016 त्रुटिवश दर्ज हो गया है 5. यह कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र में नाम ईशानी राठौर एवं जन्म दिनांक 19.09.2016 सही दर्ज करना चाहता हूं। 6. यह कि मैं यह शपथ मेरी पुत्री का नाम परिवर्तन तथा सही जन्म दिनांक दर्ज करने के संबंध प्रस्तुत कर रहा है।

शपथकर्ता

सत्यापन

मैं कृष्ण कुमार राठौर उपरोक्त शपथकर्ता सत्यनिष्ठा से सत्यापित करता हूँ कि इस शपथ पत्र की कंडिका के 01 से 06 के कथन मेरी स्वयं के जानकारी में सत्य व सही है एवं आज दिनॉक 27.05.2026 को स्थान बिलासपुर में पढ़कर अपना हस्ताक्षर किया हूं।

शपथकर्ता

**आम सूचना**

एतद द्वारा सूचित किया जाता है कि मै श्रीमती लक्ष्मी बाई आयु 82 वर्ष लिंग महिला पति स्व. सूरज प्रकाश ठाकुर जाति नागपाल ठाकुर (सामान्य) पेशा गृहणी निवासी बंगालीपारा नया सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. अपने स्वयं के नाम एवं स्वामित्व की मौजा सरकंडा प.ह.नं. 32 रा. नि. मं. सरकंडा वार्ड क्रमांक 61 दीक्षित नगर वार्ड तहसील व जिला एवं नगर निगम बिलासपुर छ.ग. मे स्थित खसरा नंबर 917/12 रकबा 0.008 हे. भूमि एवं उस पर निर्मित पक्का मकान को मैं अपने पुत्र सुरेन्द्र नागपाल उम्र 59 वर्ष पिता एस. पी. नागपाल जाति नागपाल ठाकुर पेशा व्यवसाय निवासी बंगालीपारा सरकंडा बिलासपुर तहसील व जिला बिलासपुर छ.ग. के पक्ष मे पंजीकृत वसीयतनामा दिनांक 19.5.2026 को अपने पूरे होश हवास मे राजी -खुशी के साथ निष्पादित कर दी हूं।
तो सूचना जाने।

भवदीय
श्रीमती लक्ष्मी बाई
पति स्व. सूरज प्रकाश ठाकुर
पता - बंगालीपारा नया सरकंडा
बिलासपुर छ.ग.
स. नि. श्रीमती लक्ष्मी बाई

**कार्यालय राजस्व निरीक्षक मंडल सरकंडा तहसील व जिला बिलासपुर (छ.ग.)**

**सूचना**

क्र./ / तह. / रा.नि./ सीमा./2025
सरकण्डा, दिनांक 26/05/2026

प्रति, 1. श्री चंदन पटेल पिता स्व.द्वारिका पटेल 2. श्री सतीश अग्रवाल (7869344144) 3. श्री योगेन्द्र यादव (9826750447) 4. कार्यपालन अभियंता छ.ग. हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, दीनदयाल कॉलोनी बिलासपुर (7000289388)

विषय:- सीमांकन के समय उपस्थित होने की सूचना बावत।

संदर्भ:- न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर जिला बिलासपुर (छ.ग.) ज्ञापन क्रमांक /क/ तह./रीडर/2026 बिलासपुर, दिनांक 18.03.2026

संदर्भित पत्र अनुसार आवेदक/ आवेदिका श्री चंदन पटेल पिता स्व.द्वारिका पटेल निवासी मंगला, बिलासपुर द्वारा छ.ग. भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 129 के तहत ग्राम मंगला प.ह.न. 35 रा.नि.म. सरकण्डा, तहसील व जिला बिलासपुर में स्थित भूमि ख.न. 159/1, 160/1 रकबा 0.0747, 0.0921 हेक्टेयर भूमि का सीमांकन हेतु न्यायालय तहसीलदार/ अति. तहसीलदार बिलासपुर के आदेश के परिपालन में दिनांक 03.06.2026 को समय 11 से 5 बजे से निर्धारित किया गया है जिसमें आपकी उपस्थिति अनिवार्य है।

अतः आप उक्त तिथि को नियत समय पर मौके में भूमि संबंधी दस्तावेज के साथ उपस्थित रहे। उपस्थित नहीं होने की दशा में बाद की आपत्ति पर कोई विचार नहीं की जावेगी। जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी आपकी होगी।

टीप:- विशेष परिस्थिति में सीमांकन की तिथि एवं समय में परिवर्तन हो सकता है।

आवेदक का मोबाइल नंबर:- 7000289388

राजस्व निरीक्षक
सरकंडा, तहसील बिलासपुर (छ.ग.)

**न्यायालय नायब तहसीलदार-2 बिलासपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भः जिला बिलासपुर तहसील-बिलासपुर प.ह.न.-00027 लगरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक-RD20252640 0106500010

**ईश्तहार**

तहसील बिलासपुर के प.ह.न. 00027 के अंतर्गत ग्राम लगरा के वर्तमान भूमिस्वामी गायत्री बाई पिता/पति-छतेराम पता-सा. परसाही, चैनीबाई पिता/पति-छतेराम पता-सा. परसाही के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 97/2(0.1294) में प्रस्तावित भूमिस्वामी/क्रेता निर्मला बाई पिता/पति-स्व. शत्रुहन सूर्यवंशी पता-निवासी ग्राम परसाही तह व जिला बिलासपुर (छ.ग.) के नाम पर पंजीयन/फ्रौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 01/06/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार-2 बिलासपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/ संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं/ अधिवक्ता / आममुख्त्यार के माध्यम से पेश कर सकते है। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 07/05/2026 को जारी किया जाता है।

नायब तहसीलदार:
Samarth Thawait
बिलासपुर

**आम सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार सुनील पाण्डेय पिता समय लाल पाण्डेय जाति ब्राम्हण उम्र 38 वर्ष निवासी चंद्राचौक हेमू नगर बिलासपुर छ.ग के द्वारा भूमि स्वामी छबिराम पिता स्व. लतेल उम्र 73 वर्ष जाति तेली निवासी ग्राम बेलपान प.ह.न 12 तहसील तखतपुर जिला बिलासपुर छ.ग में स्थित भूमि खसरा न 1016/1 रकबा हेक्टेयर 0.4130 भूमि पटवारी राजस्व अभिलेख एवं पुस्तिका क्रमांक 3691453 में दर्ज चला आ रहा है उक्त भूमि का पक्का सौदा का ब्याना राशि दिया जाकर इकरारनामा 26.4.2026 को निष्पादित किया गया है।

अत: उक्त भूमि की रजिस्ट्री से यदि किसी व्यक्ति बैंक वितीय संस्थान अर्ध शासकीय निगम निकाय को कोई आपति हो तो इस सूचना प्रकाशन 07 दिनों के अन्दर मय दस्तावेज मेरे कार्यालय में प्रस्तुत कर सकते हैं समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की दावा आपत्ति अवैध एवं अमान्य है।
सो सूचना जानें।
दिनांक : 27/05/2026

अधिवक्ता, छ.ग. उच्च न्यायालय
पन्नालाल कौशिक पता-वार्ड नं. 11
स्टेशन रोड चकरभाठा कैम्प नगर
पालिका परिषद् बोदरी जिला-बिलासपुर
छ.ग. मो. 7999700276

DR. ABHIMANYU'S
AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
सेक्टर -7 कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003
सिटी सेन्टर - कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
• हड्डी एवं जोड़ों का दर्द • नसों का रोग
• त्वचा एवं बालों का रोग • स्त्री रोग • मानसिक रोग
• मूत्र संबंधी रोग • मधुमेह (डायबिटीज़) • नेत्र रोग
• किडनी संबंधी रोग • पेट संबंधी विकार • थायराइड
• अस्थमा • मोटापा • मांसपेशी का रोग
• मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

## खबर संक्षेप

### बजरंगबली मंदिर में सुंदरकांड पाठ, उमड़े श्रद्धालु



**सीपत।** नगर स्थित बजरंगबली मंदिर में ग्रामवासियों द्वारा भजन संध्या, सुंदरकांड पाठ एवं विशाल भंडारे का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे भजन संध्या से हुई, जिसमें स्थानीय श्रद्धालुओं और महिलाओं ने बढ़चढ़कर भाग लिया। इसके बाद श्रद्धापूर्वक सुंदरकांड का पाठ किया गया। महाआरती के पश्चात आयोजित विशाल भंडारे में श्रद्धालुओं के लिए खीर, पुड़ी और खिचड़ी का प्रसाद वितरित किया गया। 28 मई से बजरंगबली मंदिर प्रांगण में लगातार 8 दिनों तक प्रतिदिन शाम 7 बजे से 10 बजे तक श्रीराम कथा का आयोजन किया जाएगा।

### अधिवक्ता कक्ष में लगा वाटर कूलर, लोगों को मिलेगा ठंडा पानी



**तखतपुर।** अधिवक्ता संघ की ओर से अधिवक्ता कक्ष क्रमांक 2 में वाटर कूलर लगाया गया है। जिसका लोकार्पण अधिवक्ता अध्यक्ष सत्येंद्र जायसवाल, हिरेंद्र कश्यप, जनकराम प्रजापति, अनिल तिवारी, सुनील मेरसा, पारथ सिंह ठाकुर, नैन लाल साहू, सतीश कश्यप सहित अन्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर अध्यक्ष सत्येंद्र जायसवाल ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए पक्षकारों व आम लोगों को शीतल पेयजल मिल सके इसी उद्देश्य को लेकर वाटर कूलर लगाया गया है ताकि गर्मी में लोग ठण्डे पानी से गला तर कर ले।

### गैस सिलेण्डर के पाइप में लगी आग

**मस्तूरी।** थाना परिसर की दूसरी मंजिल के रसोई घर में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर के पाइप आग लगने से हड़कम्प मच गया। आनन फानन में स्टाफ के लोगो ने आग बुझाई जिससे बड़ी दुर्घटना होने से टल गई। जानकारी के अनुसार ऊपरी दुसरी मंजिल पर रसोई घर बनाया गया है जहां पुलिस स्टाफ के लिए बनाया जाता है। बुधवार शाम 6 बजे के आसपास उक्त रसोई घर में रसोईया द्वारा स्टाफ के लोगों के लिए खाना बनाया जा रहा था कि अचानक से आग भभक उठा और देखते ही देखते आग आस पास रखें सामान को चपेट में ले लिया स्टॉप थाना छोड़कर बाहर निकल गए और कुछ स्टाफ हिम्मत जुटाकर ऊपर कमरे में गए और समय रहते आग पर पानी डालकर आग बुझाई।

### अंजू को मिली पीएचडी की उपाधि

**मस्तूरी।** छत्तीसगढ़ स्वामी विवेकानंद टेक्निकल



यूनिवर्सिटी द्वारा डॉ अंजू मिश्रा पति आशीष मिश्रा को स्कूल ऑफ फार्मेसी सीईसी बिलासपुर द्वारा फार्मास्युटिकल साइंस विषय में डॉक्टरेट ऑफ फ़िलासफी की उपाधि प्रदान की गई। यह शोध कार्य स्कूल ऑफ फार्मेसी चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज बिलासपुर में किया गया है। इस उपाधि के लिए चौकसे इंजीनियरिंग कॉलेज के प्राचार्य डॉ धीरज अहिरवार व डॉ सतीश साहू, डॉ उत्पल जेना के मार्गदर्शन में पूर्ण किया गया। इनकी माता संध्या मिश्रा पिता अशोक मिश्रा किरारी मस्तूरी वाले हैं।

### हजरत सैय्यद मूसा शहीद का 96वां सालाना उर्स 30 को



**रतनपुर।** जूना शहर स्थित हजरत सैय्यद मूसा शहीद रहमतुल्लाह अलैह का 96वां सालाना उर्स पाक 30 मई को अकीदत और शानो-शौकत के साथ मनाया जाएगा। उर्स को लेकर इंतजामिया कमेटी और मुस्लिम जमात रतनपुर द्वारा तैयारियां जोर-शोर से की जा रही हैं। तीन दिवसीय उर्स कार्यक्रम 29 मई से 31 मई तक आयोजित होगा। उर्स कमेटी के अनुसार 29 मई को करैहापारा से साही संदल और चादर जुलूस निकाला जाएगा, जो नगर भ्रमण करते हुए दरगाह शरीफ पहुंचेगा। यहां चादरपोशी और फातिहा के बाद विशेष दुआ की जाएगी। 30 मई की रात अंतरराष्ट्रीय कव्वाल गुलाम हबीब पेंटर द्वारा शानदार कव्वाली पेश की जाएगी। सूफियाना कलामों की महफिल में पूरी रात अकीदतमंद झूमते नजर आएंगे। कार्यक्रम के दौरान रातभर लंगर की व्यवस्था भी रहेगी। धार्मिक नगरी रतनपुर जहां अपने मंदिरों के लिए प्रसिद्ध है, वहीं हजरत सैय्यद मूसा शहीद की मजार धार्मिक सौहार्द्र और सूफी परंपरा की मिसाल मानी जाती है। यही वजह है कि इस दरगाह को "छत्तीसगढ़ का अजमेर" भी कहा जाता है।

### प्रमुख सचिव ने की पीएम जनमन और धरती आबा अभियान की समीक्षा

# एटीआर और खुड़िया में पर्यटन को बढ़ावा देने युवाओं के कौशल उन्नयन पर दिया जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ लोरमी

प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा अचानकमार क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने जिले अचानकमार क्षेत्र स्थित शिवतराई सभाकक्ष में पीएम जनमन, धरती आबा जनजाति ग्राम उत्कर्ष अभियान एवं अचानकमार टाइगर रिजर्व क्षेत्र में संचालित विकास कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। बैठक में जनजातीय क्षेत्रों में शिक्षा, स्वास्थ्य, पर्यटन, रोजगार और आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

प्रमुख सचिव श्री बोरा ने कहा कि जनजातीय क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं प्रभावी बनाया जाए, ताकि दूरस्थ क्षेत्रों के लोगों को समय पर उपचार मिल सके। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्रों को प्राथमिकता के आधार पर जारी करने के निर्देश देते हुए कहा कि इससे पात्र हितग्राहियों को शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ समय पर मिल सकेगा। प्रमुख सचिव ने पर्यटन की संभावनाओं को देखते हुए एटीआर क्षेत्र में होम-स्टे सुविधा विकसित करने तथा खुड़िया में पर्यटन की दिशा में कार्य करने के निर्देश दिए। साथ ही आदिवासी युवाओं को टूरिस्ट गाइड के रूप में प्रशिक्षित करने संबंधी कार्ययोजना तैयार करने को कहा। उन्होंने कहा कि अचानकमार क्षेत्र में पर्यटन, शिक्षा और कौशल विकास की व्यापक संभावनाएं हैं, जिनका बेहतर उपयोग कर स्थानीय युवाओं को रोजगार से जोड़ा जा सकता है। सचिव श्री बोरा ने कहा कि पीवीटीजी बैगा समुदाय में प्रतिभाओं की कोई कमी नहीं है, आवश्यकता उन्हें शिक्षा और कौशल विकास से जोड़ने की है। इसके लिए अचानकमार क्षेत्र में लाइब्रेरी सुविधा विकसित करने की कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए गए।



चौपाल लगाकर ग्रामीणों की समस्याएं सुनते अफसर।

### प्रमुख सचिव व कलेक्टर ने लगाई चौपाल

सुदूर वनांचल क्षेत्रों में शासन की संवेदनशीलता और जनसरोकारों का प्रेरणादायी दृश्य उस समय देखने को मिला, जब प्रदेश शासन के प्रमुख सचिव सोनमणि बोरा, कलेक्टर कुन्दन कुमार ग्राम शिवलखार पहुंचे और जमीन पर चौपाल लगाकर ग्रामीणों से सीधा संवाद किया। वनांचल के ग्रामीणों से हुए इस आत्मीय संवाद ने प्रशासन और आमजन के बीच की दूरी को पूरी तरह कम कर दिया। प्रमुख सचिव ने ग्रामीणों की समस्याओं और मांगों को गंभीरता से सुनी तथा उनके त्वरित निराकरण के लिए मौके पर ही संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में एसएसपी भोजराम पटेल, डीएफओ अभिनव कुमार, अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम अजीत पुजारी, सीईओ सुरेश कंवर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।



## फुटपाथ निर्माण में अनियमितता गुणवत्ता का नहीं रखा गया ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंगेली

दाउपारा चौंक से लेकर कलेक्टर निवास तक सड़क किनारे फुटपाथ निर्माण कार्य में अनियमितता बरती जा रही है। नागरिकों ने गुणवत्तायुक्त कार्य कराए जाने की मांग प्रशासनिक अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों से की है।

नगर में सौंदर्यीकरण एवं पैदल चलने वाले नागरिकों की सुविधा के लिए दाऊपारा चौक से लेकर कलेक्टर निवास तक सड़क किनारे 15वें वित्त की राशि से पुटपाथ निर्माण कार्य नगर पालिका द्वारा कराया जा रहा है। 51 लाख की राशि से निर्माण किए जा रहे फुटपाथ निर्माण में गुणवत्ता का ध्यान नहीं रखा जा रहा है। निर्माण कार्य के लिए संबंधित ठेकेदार को 30 मार्च से कार्यादेश दिया गया है। कार्य की शुरूआत ही प्रथम दृष्टिया गुणवत्ताहीन प्रतीत हो रही है बेस डालने के लिए किए गए गड्ढों में पानी पर्याप्त मात्रा में नहीं डाला गया है। गिट्टी का बेस डालकर भी पानी का छिड़काव नहीं किया गया है। निर्माण में उपयोग किए जा रहे सामग्री भी गुणवत्ताविहीन है, रेत भी मिट्टी मिली हुई है। इस तपती गर्मी में पर्याप्त पानी की व्यवस्था नहीं होने के कारण बेस डालने के बाद पानी भी नहीं डाला गया है जिससे पकड़ मजबूत नहीं बनी है। शुरुआती काम को देखकर ही इसके टिकाऊ होने पर गंभीर सवाल खड़े होने लगे हैं। तपती गर्मी में बिना तराई के काम हो रहा है। वर्तमान में पड़ रही भीषण और तपती गर्मी के बावजूद निर्माण स्थल पर पानी की पर्याप्त व्यवस्था नहीं की गई है। गड्ढों में पानी नहीं डाला जाता, बेस तैयार करने के लिए जो गड्ढे खोदे गए, उनमें पर्याप्त पानी नहीं डाला गया। सूखी गिट्टी पर काम चालू है, खोदे गए गड्ढ़े एवं गिट्टी का बेस डालने के बाद कम्पेक्ट भी नही किया जा रहा है। नियमों के मुताबिक पानी का छिड़काव नहीं किया गया। मजबूती पर अभी से संकट नजर आने लगा है। कांक्रीट और बेस को मजबूती देने के लिए पानी की तराई सबसे जरूरी होती है, लेकिन पानी न मिलने के कारण फुटपाथ की पकड़ बेहद कमजोर नजर आ रही है। मिट्टी मिली रेत का इस्तेमाल हो रहा है। मौके पर निर्माण के लिए जो रेत डंप की गई है, उसमें अत्यधिक मात्रा में मिट्टी मिली हुई है, तकनीकी जानकारों के मुताबिक, मिट्टी युक्त रेत का उपयोग करने से कंक्रीट की उम्र आधी हो जाती है और कुछ ही समय में निर्माण टूटने लगता है। एक तरफ जहां यह मार्ग सीधे जिले के सर्वोच्च अधिकारी की ओर जाता है, वहीं दूसरी तरफ अधिकारियों की नाक के नीचे ही ठेकेदार द्वारा इस तरह की गुणवत्ता विहीन सामग्री और कार्यप्रणाली का उपयोग किया जाना कई तरह के संदेह पैदा करता है। जनप्रतिनिधि भी कार्य को लेकर मौन साधे हुए है। नागरिकों ने निर्माण कार्य की तकनीकी जांच कराए जाने एवं तराई पानी छिड़काव की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के बाद ही काम को आगे बढ़ाए जाने की मांग की है। जिससे जनता के टैक्स के पैसे की बर्बादी को रोका जा सके।

■ नागरिकों ने की निर्माण कार्य की जांच कराए जाने की मांग

#### कार्रवाई के लिए कहा गया

चल रहे निर्माण कार्य में अनियमितता बरतने पर कार्य को बंद कराया जाएगा। संबंधित इंजीनियर को कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया गया है।

-होरी सिंह ठाकुर, मुख्य नपा अधिकारी

#### अफसरों को दिए हैं निर्देश

विकास कार्यों में कोताही नहीं बरती जाएगी। घटिया निर्माण पर कार्रवाई के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

-पुन्नूलाल मोहले, विधायक मुंगेली

## आईएफएस में चयनित होने पर गुरुदयाल को विधायक- कलेक्टर ने दी बधाई

**मुंगेली।** जिले के ग्राम पलानसरी के होनहार युवा गुरुदयाल जांगड़े ने संघ लोक सेवा आयोग यूपीएससी द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित इंडियन फॉरेस्ट सर्विस आईएफएस परीक्षा में 105वीं रैंक हासिल कर जिले और प्रदेश का नाम गौरवान्वित किया है।

आईएफएस परीक्षा में चयन होने पर विधायक पुन्नूलाल मोहले, कलेक्टर कुन्दन कुमार एवं डीएफओ अभिनव कुमार ग्राम पलानसरी स्थित उनके निवास पहुंचे और गुरुदयाल जांगड़े सहित उनके माता-पिता को शुभकामनाएं दीं। गुरुदयाल जांगड़े ग्राम पलानसरी निवासी सचिव काशीराम जांगड़े के पुत्र हैं। सीमित संसाधनों और साधारण पारिवारिक पृष्ठभूमि के बावजूद उन्होंने कठिन परिश्रम, अनुशासन और निरंतर प्रयास के दम पर यह सफलता हासिल की। उनकी उपलब्धि को गांव एवं क्षेत्र के लोगों ने युवाओं के लिए प्रेरणादायी बताया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, समाज प्रमुख सहित एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, सीईओ जनपद पंचायत मुंगेली संतोष घोसले एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। विधायक पुन्नूलाल मोहले ने कहा कि यह उपलब्धि पूरे जिले और क्षेत्र के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण परिवेश से निकलकर राष्ट्रीय स्तर की परीक्षा में सफलता प्राप्त करना अन्य युवाओं के लिए प्रेरणा का स्रोत बनेगा। विधायक ने गुरुदयाल के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए ग्राम पलानसरी में विकास कार्यों हेतु 15 लाख रुपए की स्वीकृति देने की घोषणा की। कलेक्टर कुन्दन कुमार ने कहा कि यह पूरे जिले के लिए गर्व और खुशी का क्षण है कि जिले के युवा आईएफएस जैसी प्रतिष्ठित परीक्षाओं में लगातार सफलता प्राप्त कर रहे हैं। डीएफओ अभिनव कुमार ने कहा कि गुरुदयाल जैसे युवा प्रशासनिक सेवाओं में पहुंचकर समाज के लिए सकारात्मक बदलाव का माध्यम बनते हैं। गुरुदयाल जांगड़े ने अपनी सफलता का श्रेय माता-पिता, परिवारजनों और गुरुजनों के सहयोग को दिया। पूर्व जनपद पंचायत सभापति एवं भाजपा अनुसूचित जाति मोर्चा के जिलाध्यक्ष डॉ. शिवकुमार बंजारा ने कहा कि जिस बच्चे को बचपन में गोद मे खिलाया, सिखाया पढ़ाया उसके द्वारा आईएफएस की परीक्षा 105 वीं रेंक के साथ पास करना हम सबको गौरवान्वित कर रहा है।



गुरुदयाल को बधाई देते कलेक्टर एवं डीएफओ।

## निकाय कर्मचारी संघ ने मांगों को लेकर सचिव से की मुलाकात

**कोटा।** नवयुक्त अधिकारी कर्मचारी कल्याण संघ नगरीय निकाय के प्रदेश पदाधिकारियों ने नगरीय निकाय सचिव आर संगीता से मांगों को लेकर मुलाकात की। संघ प्रदेश अध्यक्ष राजेश सोनी और संयोजक संजय शर्मा ने संयुक्त रूप से प्रेस को बताया कि निकाय कर्मचारियों की मांगों और समस्याओं को सचिव से मुलाकात कर अवगत कराते हुए ज्ञापन सौंपा गया है। कर्मचारी नेताओं ने बताया कि सचिव ने संघ की सभी मांगों और समस्या को ध्यानपूर्वक सुनने उपरांत बिंदुवार चर्चा की और हर संभव निराकरण करने का आश्वासन दिया है। नगरीय निकाय सचिव से मुलाकात करने वाले प्रतिनिधि मंडल में प्रमुख रूप से संघ के संयोजक संजय शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष राजेश सोनी, कोषाध्यक्ष संदीप चंद्राकर, प्रदेश उपाध्यक्ष मुकेश तिवारी, प्रदेश सचिव ऋषभ ठाकुर, सह कोषाध्यक्ष महीतोष शर्मा, संघ के वरिष्ठ सलाहकार और प्रदेश पेंशनर संघ के नेता श्रवण ठाकुर शामिल थे।

## भारतीय किसान संघ ने जिले की सभी तहसीलों में सौंपा ज्ञापन

**मरवाही।** भारतीय किसान संघ के प्रदेश अध्यक्ष माधो सिंह ठाकुर एवं प्रदेश मंत्री नवीन शेष के आदेश पर जिले के चारों तहसील में जिला अध्यक्ष रामनारायण राय के नेतृत्व में किसानों की ज्वलंत समस्या को लेकर प्रदेश के मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नाम से तहसीलों में उपस्थित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपा।

ज्ञापन में मुख्य रूप से समितियों में पर्याप्त मात्रा में खाद की उपलब्धता, निजी व्यापारिक संस्थान पर कृषि विभाग द्वारा सतत निगरानी करने ताकि किसान को शासन द्वारा निर्धारित मूल्य पर मिले, एग्रीस्टेक में पंजीबद्ध सभी किसानों को समितियों द्वारा नकद में खाद उपलब्ध करने, नैनो खाद के उपयोग को लेकर कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्रशिक्षित करने, किसानों को उनकी मांगों के अनुसार ट्रेक्टर एवं जरीकेन डिब्बे में डीजल उपलब्ध कराने, हरित खादों में ढ़ेचा, सन, मूंग एवं उड़द को मांगों के अनुरूप किसानों को उपलब्ध कराने एवं गुणवत्ता युक्त बीज को जल्द से जल्द समितियों में पहुंचवाने ताकि समय पर किसान खेती कर सके जैसे मुद्दों लेकर ज्ञापन सौपा गया। इस मौके पर जिला मंत्री सीताराम कैवर्त, कोषाध्यक्ष गोविंद गुप्ता, प्रसार प्रमुख सावन राय, बीज प्रमुख चंदर लाल, तहसील अध्यक्ष सुशील चंद्र, नरेश राय, दिलीप राय,विजय पाटसकर, गिरधारी चंद्रा, जमुना गुप्ता, वेदप्रकाश चंद्रा, अमोल, डिलन, बलवंत, चंद्रभान, डिलन, भूपेंद्र समेत कई किसान उपस्थित थे।




## सुशासन तिहार बना जनसमस्याओं के समाधान का सशक्त मंच

### जनता की आवाज़ प्रशासन की प्राथमिकता

**जरहागांव।** मुख्यमंत्री की मंशानुरूप आयोजित सुशासन तिहार अब केवल एक शासकीय आयोजन नहीं, बल्कि आमजन की उम्मीदों, विश्वास और समाधान का सशक्त मंच बनकर उभर रहा है।

क्षेत्रीय विधायक पुन्नू लाल मोहले ने शिविर में मौजूद सभी विभागों के अधिकारियों से वन-टू-वन चर्चा कर योजनाओं की वास्तविक स्थिति की जानकारी ली। विधायक ने अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचना चाहिए और समस्याओं का समाधान केवल कागज़ों तक सीमित न रहे, बल्कि धरातल पर दिखाई देना चाहिए। उन्होंने अधिकारियों से संवेदनशील होकर कार्य करने की अपील की। बरेला नगर अध्यक्ष नरेश पटेल ने विद्युत विभाग की कार्यप्रणाली पर आपत्ति दर्ज कराते हुए क्षेत्रवासियों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया। उन्होंने विद्युत कार्यालय को अन्यत्र स्थानांतरित किए जाने के प्रस्ताव का विरोध करते हुए कहा कि बिजली बिल भुगतान सहित सभी आवश्यक सेवाएं यथावत रखी जाएं, ताकि ग्रामीणों को छोटी-छोटी जरूरतों के लिए भटकना न पड़े।

कार्यक्रम में उपस्थित कलेक्टर कुन्दन कुमार ने शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं को हर पात्र व्यक्ति तक पहुंचाने का संकल्प दोहराया। इसी दौरान जरहागांव थाना प्रभारी शोभा यादव की अनुपस्थिति पर कलेक्टर ने नाराजगी जाहिर की। वहीं बरेला इंजीनियर को कार्यप्रणाली में सुधार लाने की सख्त हिदायत देते हुए चेतावनी दी गई कि लापरवाही जारी रहने पर निलंबन की कार्रवाई की जाएगी।

इस अवसर पर अतिरिक्त कलेक्टर निष्ठा पाण्डेय तिवारी, एसपी भोजराम पटेल, जिला पंचायत सीईओ प्रभाकर पाण्डेय, एसडीएम मुंगेली अजय शतरंज, डीईओ सी.के. घृतेश, नगर अध्यक्ष नरेश पटेल, उपाध्यक्ष शेख जैनुल, सीएमओ नरेश महिष, जनप्रतिनिधि, पार्षद एवं विभिन्न विभागों के अधिकारी-कर्मचारी बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।



### 50 वर्ष बाद भी विश्व स्तर पर नहीं मिली पहचान

# डिस्कवरी ऑफ विष्णु की डाक्यूमेंट्री फ़िल्म प्रदर्शित

**मल्हार।** रायपुर के प्रतिष्ठित न्यूरोफिजिशियन डॉ. संजय शर्मा द्वारा निर्मित शोधपरक वीडियो ने मल्हार की प्राचीन विष्णु प्रतिमा और दक्षिण कौशल की ऐतिहासिक विरासत को नई दृष्टि से सामने लाया है।

यह प्रयास छत्तीसगढ़ की उपेक्षित पुरातात्विक धरोहरों को राष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। रायपुर के विमतारा आडिटोरियम में 24 मई को छत्तीसगढ़ की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत पर आधारित डाक्यूमेंट्री फ़ल्मि ꠰डिस्कवरी आफ विष्णु-विष्णु एक तलाश एक यात्रा꠰ का सार्वजनिक प्रदर्शन किया गया। फ़ल्मि में जिले के मल्हार में अवस्थित भगवान विष्णु की प्राचीन पत्थर प्रतिमा की खोज पर आधारित है। इस कार्यक्रम में इतिहास, पुरातत्व, कला और संस्कृति से जुड़े लोग बड़ी संख्या में शामिल हुए साथ ही मल्हार के भी प्रतिनिधि मंडल ने शिरकत की। फ़ल्मि में उस ऐतिहासिक प्रतिमा को केंद्र में रखा गया है जिसे भगवान विष्णु की पहली पत्थर प्रतिमा माना जाता है। यह दुर्लभ प्रतिमा मल्हार के भारतीय पुरातत्व विभाग द्वारा संरक्षित स्मारक भगवान पातालेश्वर महादेव मंदिर परिसर के एक स्टोर रूम में अवस्थित है। कार्यक्रम में बतौर अतिथि छतीसगढ़ विधानसभा अध्यक्ष डॉ रमन सिंह, पूर्व राज्यपाल रमेश बैस, विधायक सुनील सोनी विशेष रूप से शामिल हुए। कार्यक्रम में मल्हार के प्रतिनिधि मंडल में पुरातत्व प्रेमी व जानकार संजीव पांडेय, शेषनारायण गुप्ता, अनिल कैवर्त, विष्णु कैवर्त उपस्थित थे।




#### नई पीढ़ी के लिए प्रेरणा

फिल्म के निर्माता व प्रस्तुतकर्ता डॉ संजय शर्मा ने कहा कि यह केवल फ़ल्मि नही बल्कि नई पीढ़ी को सांस्कृतिक विरासत से जोड़ने का सशक्त माध्यम है। उन्होंने बताया कि इस खोज को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाना मुख्य उद्देश्य है। डॉ शर्मा ने फ़ल्मि में यह भी सवाल उठाया है कि इतनी महत्वपूर्ण धरोहर होने के बावजूद भी इसे व्यापक पहचान खोज के 50 वर्ष बाद भी क्यो नही मिली। दरअसल मल्हार के उत्खनन की गाथा 5 दशक पुरानी है, 1975 में डॉ हरिसिंह गौर विश्विद्यालय सागर के डॉ कृष्णदत्त वाजपेयी व एसके पांडेय के नेतृत्व में उत्खनन का कार्य प्रारंभ हुआ था जिसमे ईसा पूर्व 200 वर्ष पुरानी चतुर्भुजी विष्णु जी की प्रतिमा मिली थी इस प्रतिमा के दंड में ब्रम्हलिपि से उकेरे गए शब्द हैं जिसका अनुवाद बाद में डीसी सरकार ने किया था।




## नपा की टीम ने दिलाई स्वच्छता की शपथ

**मुंगेली।** स्वच्छता महाअभियान के तहत नगर पालिका मुंगेली ने सक्षम शहर स्वच्छता वाहनों की रैली निकाली। रैली में मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर एवं समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे। स्वच्छ मुंगेली, स्वस्थ मुंगेली के संकल्प के साथ चार रंगों के डस्टबिन का व्यापक प्रचार-प्रसार किया गया। आगर खेल परिसर से शुरू होकर नगर पालिका कार्यालय परिसर में रैली समाप्त हुई। नगर पालिका परिषद मुंगेली द्वारा सुबह ठीक 7 बजे स्वच्छता महाअभियान 2026 के अंतर्गत सक्षम शहर स्वच्छता रैली का आयोजन किया गया। इस विशेष कार्यक्रम में मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर एवं नगर पालिका मुंगेली के समस्त अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। इस अभियान का मुख्य उद्देश्य आम जनता के बीच जनजागरूकता फैलाना तथा स्वच्छ मुंगेली, स्वस्थ मुंगेली के संकल्प के साथ नगर में 4 रंगों के डस्टबिन के उपयोग का व्यापक प्रचार-प्रसार करना था। रैली का मुख्य कार्यक्रम सुबह ठीक 7 बजे स्थानीय आगर खेल परिसर से शुरू हुआ। मुख्य नगर पालिका अधिकारी होरी सिंह ठाकुर द्वारा हरी झंडी दिखाकर वाहनों और रैली को रवाना किया गया। इस अवसर पर उपस्थित कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि जब हमारा मुंगेली स्वच्छ रहेगा, तभी हमारा मुंगेली स्वस्थ रहेगा।

खबर संक्षेप

## दोस्त बनकर युवक से 65 हजार की आनलाइन ठगी

**बिलासपुर।** सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, मंगला निवासी मनोज चतुर्वेदी के मोबाइल अज्ञात मोबाइल नम्बर से फोन आया और उनका दोस्त बनकर बातचीत करते हुए कहा उसका फोन पे खराब हो गया। कांकेर से उनके मोबाइल में आनलाइन के माध्यम से पैसा आने पर उसके बताए गए मोबाइल नम्बर में ट्रांसफर करने को कहा। कुछ देर बाद मोबाइलधारक ने उसे 65 हजार रुपए आने की बात कही। दोस्त मानकर श्री चतुर्वेदी ने बिना मैसेज देखे उसके बताए गए मोबाइल नम्बर 65 हजार रुपए ट्रांसफर कर दिया। उसके बाद मैसेज देखे तो नहीं आया था। फोन लगाने पर उक्त नम्बर लगातार बंद आने लगा। उसके बाद उन्हें आनलाइन ठगी के शिकार होने की जानकारी हुई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अज्ञात के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## देवर ने भाभी पर किया जानलेवा हमला

**बिलासपुर।** पारिवारिक विवाद में देवर ने अपनी भाभी पर हंसिए से हमला कर दिया, जिसके कारण महिला को गंभीर चोट पहुंची। पीडिता की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ जुर्म दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तालापारा के मिनीमाता नगर जोड़ा जैतखाम के पास की रहने वाली पीडिता ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह घरेलू काम करती है। 26 मई मंगलवार की रात देवर अरूण लहरे और मोहल्ले के ही राकेश चतुर्वेदी के बीच किसी बात को लेकर आपस में विवाद हुआ था। 27मई की सुबह करीब 8.30 बजे आरोपी अरूण लहरे पीड़िता के घर के सामने आकर गाली-गलौज करने लगा। बीती रात झगड़े का कारण महिला को बताकर जान से मारने की धमकी देते हुए हंसिया से मारपीट कर कलाई पर चोट पहुंचा दिया। पीड़िता की लिखित शिकायत और बयानों के आधार पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

## ससुर ने बहू पर किया हमला, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** चिंगराजपारा लक्ष्मी चौक में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे पारिवारिक विवाद में ससुर ने अपनी बहू पर जानलेवा हमला कर दिया। पीड़िता कुंती देवांगन 26 ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि उसके ससुर दिगंबर देवांगन ने घर से निकल जाओ कहते हुए गाली गलौज की, विरोध करने पर जान से मारने की धमकी देकर नुकीली वस्तु से हमला कर दिया जिससे उसकी बाई आंख के पास और बाएं कंधे पर चोट आई है। पीड़िता ने पति मुकेश के साथ थाने पहुंचकर रिपोर्ट दर्ज कराई।सरकंडा पुलिस ने आरोपी ससुर के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

नगर निगम | कामप्लेक्स के लिए ट्रांसफार्मर लगकर तैयार

# इमलीपारा काम्पलेक्स: एग्रीमेंट के बाद खुलेंगी आबंटित 22 दुकानें

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

इमलीपारा स्थित नवनिर्मित काम्पलेक्स की 22 दुकानों का आबंटन हो गया है और अब उन दुकानों का एग्रीमेंट होने वाला है। इस काम्पलेक्स में कुल 66 दुकानें हैं, जिनमें से पांच दुकानें पहले से ही आबंटित कर दी गई हैं और बाकी दुकानों का आबंटन होना बाकी है।

इमलीपारा में दो मंजिला काम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है। इसमें कुल 66 दुकानें बनाई गई हैं, जिन्हें पहले बेचने का निर्णय लिया गया था, बाद में इन दुकानों को किराए पर दिए जाने का फैसला लिया गया। काम्पलेक्स का निर्माण हो जाने के बाद काफी दिनों तक आबंटन ही नहीं हो पाया था, क्योंकि दुकानों की जो कीमत निर्धारित की गई थी वह वहां के व्यापारियों के लिए बहुत अधिक थी और व्यापारी उसका विरोध कर रहे थे।

बाद में नगर निगम और स्मार्ट सिटी द्वारा दुकानों का किराया निर्धारित करते हुए आबंटित प्रक्रिया की गई, जिसमें 22 दुकानों का आबंटन हो गया है। 5 दुकानें पहले ही आबंटित की जा चुकी है। इसके अलावा बाकी जो दुकानें बची है उसका आबंटन अभी तक नहीं हुआ है। जिन 22 दुकानों का आबंटन हुआ है उन किराएदारों से एग्रीमेंट की कार्यवाही चल रही है। काम्पलेक्स में बिजली कनेक्शन नहीं था क्योंकि वहां ट्रांसफार्मर नहीं लगा था, किन्तु अब ट्रांसफार्मर भी लग गया है।



### 10 करोड़ रुपए की लागत से दुकान व सड़क निर्माण

यह पूरा लगभग 10 करोड़ राशि का प्रोजेक्ट था, जिसके तहत दोमंजिला व्यवसायिक काम्पलेक्स का निर्माण कराया गया है। इस काम्पलेक्स में ऊपर और नीचे मिलाकर कुल 66 दुकानें हैं। इसके अलावा इमलीपारा से बस स्टैंड मोड़ तक चौड़ी सड़क का निर्माण कराया गया है। यह सड़क बन जाने से एक वैकल्पिक मार्ग के रूप में उपयोग हो रहा है मुख्य सड़क पर ट्रेफिक दबाव कम हुआ है।

### 87 दुकानों हटाई गई

इमलीपारा में व्यवसायिक काम्पलेक्स निर्माण और चौड़ी सड़क के लिए यहां पर वर्षो से स्थित पुरानी दुकानों का हटवाया गया है। 87 दुकानदारों को नगर निगम की ओर से नोटिस जारी किया गया था और बाद में कार्रवाई करते हुए दुकानों को तोड़ा गया था। इसका वहां के व्यापारियों ने काफी विरोध भी किया था।

### किया जा रहा एग्रीमेंट

इमलीपारा स्थित व्यवसायिक काम्पलेक्स में ट्रांसफार्मर लग गया है और वहां अब विद्युत व्यवस्था भी हो गई है। काम्पलेक्स के 22 दुकानों का आबंटन हो गया है और 5 दुकानों का आबंटन पहले ही हो चुका था। जिन लोगों को दुकानें मिली हैं, उनसे एग्रीमेंट की प्रक्रिया चल रही है।

-खजांची कुम्हार
अपर आयुक्त नगर निगम







कच्ची सड़क पर धूल फांक रहे लोग ❑ बुनियादी सुविधाओं का है अभाव ❑ गंदगी से पट गया तालाब

# नगर निगम में शामिल होने के 7 साल बाद भी गांव ही है कोनी का देवनगर

विघ्नेश्वर मिश्रा ⏭ बिलासपुर

सात साल पहले कोनी के देवनगर को नगर निगम में शामिल तो कर लिया गया, परन्तु इस क्षेत्र के विकास की ओर किसी ने आज तक ध्यान नहीं दिया। विकास से उपेक्षित वार्ड क्रमांक 68 रामकृष्ण परमहंस वार्ड की स्थिति किसी पिछड़े गांव से भी बदतर है, लोग कच्ची सड़कों पर धूल और कीचड़ से गुजरने को मजबूर हैं। यहां के निवासियों के निस्तारी के काम आते रहे एकमात्र तालाब में नालियों का पानी भरा जा रहा है, जिससे इस तालाब की मौत हो गई है।

लगभग पांच हजार की आबादी वाले देवनगर में छोटी बड़ी मिलाकर 40 से 50 सड़कें हैं, कई संकरी गलियां हैं, ये सभी सड़कें कच्ची हैं, आज तक यहां न तो कोई सीसी रोड बनी है और न ही किसी सड़क का डामरीकरण हुआ है। जानकारी के अनुसार निगम में शामिल होने के पहले एक 50 लाख रुपए की सड़क स्वीकृत की गई थी, वह भी अधूरी ही बनी है। निगम में शामिल होने के पहले यह क्षेत्र बिल्हा जनपद पंचायत में शामिल था, उस समय पूर्व जनपद सभापति त्रिलोक श्रीवास के कार्यकाल में इस इलाके में एक सामुदायिक भवन, प्रायमरी स्कूल बनवाए गए थे, साथ ही बिजली की व्यवस्था की गई थी। उसके बाद से इस इलाके में कोई विकास कार्य किया ही नहीं गया है। सड़कें नहीं होने से लोग पूरे साल धूल फांकते हैं, बारिश में कीचड़ होने से सड़कों और गलियों से लोगों का गुजरना मुश्किल हो जाता है। देवनगर के कुछ हिस्से में अवैध बस्तियां भी बसी हुई हैं, इसके चक्कर में पूरे इलाके का विकास नहीं हो पाता है।



### छाया रहता है अंधेरा

देवनगर में स्ट्रीट लाइट नहीं होने से रात में अंधेरा छाया रहता है, दिन में भी बिजली की सप्लाई घंटों ठप रहती है। इससे आम लोग हलाकान रहते हैं। रात में लोगों को गाड़ी की लाइट या टार्च के सहारे चलना पड़ता है। शिकायतों के बाद भी यहां स्ट्रीट लाइट की कोई व्यवस्था नहीं की गई है।

### तालाब में नाली का पानी

देवनगर के हनुमान मंदिर के समीप तालाब है, इसमें 5 साल पहले लोग नहाते थे, परन्तु इस समय इस तालाब में नाली का पानी भर गया है। पूरे तालाब में जलकुम्भी और गंदे पानी का जमाव हो गया है। तालाब में गंदा पानी भरा है, जिससे बीमारी फैलने का खतरा है।

### बजट ही नही आता : पार्षद

वार्ड क्रमांक 68 के पार्षद अमित मिश्रा का कहना है कि देवनगर और कोनी के विकास के लिए नगर निगम को प्रस्ताव बनाकर भेज चुके हैं। सरोवर-धरोहर योजना के लिए उन्हें आश्वासन मिला है, लेकिन शासन-प्रशासन की तरफ से अभी बजट पास नहीं हुआ है।

### नाली निर्माण कराया जाएगा

बेजाकब्जा वाले घरों का गंदा पानी पुराने तालाब में जा रहा है, इस पर हमारी नजर है, नालियों के निर्माण के लिए हम इस्टीमेट बना रहे हैं। हम जल्द ही तालाब की सफाई का कार्य करेंगे।

- विभा सिंह
जोन कमिश्नर

## तेल की डीलरशिप का झांसा व्यापारी से साढ़े चार लाख की ठगी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

तेल का डीलरशिप दिलाने का झांसा देकर थोक व्यापारी से 4.50 लाख की ठगी कर ली गई है। पुलिस अपराध कायम कर मामले की जांच कर रही है।

तारबाहर पुलिस के अनुसार, राजकिशारेनगर शीला पार्क निवासी वंश पमनानी पिता सुरेश पमनानी 21 साल व्यापार विहार में ओंकार ट्रेडर्स के नाम से तेल का थोक व्यापार करते हैं। उनकी दोस्ती विद्यानगर निवासी राकेश सोनी से है। राकेश ने उन्हें बताया वह अरपा एडेबल्स नामक कंपनी में रीजनल मैनेजर है। उसने श्री पमनानी पर अपनी कंपनी की तेल का डीलरशिप लेने के लिए दबाव बनाया। दोस्त के झांसे में आकर श्री पमनानी ने 23 जनवरी से 4 फरवरी 2026 के बीच अलग अलग किश्तों में 4 लाख 50 हजार आनलाइन के माध्यम से दे दिए। उसके बाद श्री पमनानी ने उसे डीलरशिप की कागजी कार्रवाई और काम शुरू करने की बात कही तो वह लगातार टालमटोल करने लगा, ज्यादा दबाव बनाने पर राकेश सोनी ने उक्त कंपनी को फर्जी बताया और पैसा लौटाने से मना कर दिया। श्री पमानानी ने ईमेल, वाट्सएप के माध्यम से कंपनी के ओनर रामकुमार और एमडी प्रकाश कुमार से संपर्क कर न्याय की गुहार लगाई। किन्तु अधिकारियों ने राकेश सोनी का साथ देते हुए कोई कार्रवाई नहीं की। पुलिस ने श्री पमानानी की रिपोर्ट पर राकेश सोनी, रामकुमार व अन्य के खिलाफ धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

## बुजुर्ग से मारपीट करने वाले वकील के खिलाफ जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** वकील ने बुजुर्ग के साथ मारपीट कर धक्का मुक्की की और बाहर निकलने पर जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने वकील के खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है। सिविल लाइन पुलिस के अनुसार, तिफरा रामा वर्ल्ड निवासी राकेश कुमार जैन पिता स्व. बीसी जैन 60 साल ने रिपोर्ट लिखाई। 25 मई को वे अपनी पत्नी सुनीता जैन के साथ पेशी में जिला न्यायालय गए थे। श्री जैन ने आरोप लगाया है कि वकील विवेक पाण्डेय उनके साथ मारपीट करते हुए धक्का मुक्की की गई है। गाली गलौज करते हुए कपड़ा उतरवा देने की बात कहते हुए भयभीत कर दबाव बनाने लगा और नबाहर निकलने पर देख लेने व हड्डी तोड़ देने, पुरी ठेकेदारी निकाल देने की धमकी दी गई है। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर वकील विवेक पाण्डेय के खिलाफ बीएनएस की धारा 296, 351, 3 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया गया है।




## युवक पर चाकू से जानलेवा हमला दो फरार आरोपी गिरफ्तार

**बिलासपुर।** गाड़ी पार्किंग को लेकर दो भाईयों के साथ मारपीट कर एक भाई पर चाकू से जानलेवा हमला करने वाले फरार दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

ज्ञात हो कि 24 मई की रात 8.30 बजे लालखदान निवासी अनय पाटले सप्ताहिक बाजार में सब्जी खरीदने गए थे। पार्किंग में गाड़ी खड़ा करने को लेकर अनय के साथ गोविंदा पासी एवं उसके दोस्त विवाद करने लगे, गोविंद पासी से हाथ में पहने कड़ा से हमलाकर उनका सिर फोड़ दिया। भाई अमन पाटले आकर बीच बचाव किया तो गोविंदा पासी एवं उसके साथियों ने अमन पाटले के साथ मारपीट करते हुए चाकू से जान लेवा हमला कर दिया था। पुलिस फरार आरोपियों के पतासाजी में लगी हुई थी।

27 मई को पुलिस ने फरार आरोपी लालखदान निवासी शिवम पासी पिता राजू पासी 25 साल, निर्मल पास पिता चैतराम पासी 44 साल को गिरफ्तार कर लिया है।

## जमीन की रजिस्ट्री कराने के बाद नहीं दिए दो करोड़ रुपए, जुर्म दर्ज

**बिलासपुर।** व्यापार विहार की बेशकीमती जमीन की रजिस्ट्री व नामांतरण कराने के बाद बुजुर्ग महिला को 1 करोड़ 90 लाख रुपए नहीं देने वाले व्यक्ति के खिलाफ पुलिस ने धोखाधड़ी का जुर्म दर्ज कर लिया है।

सिविल लाइन टीआई किशोर केंवट ने बताया, गोंड़पारा निवासी मंजूलता आनंद 60 की व्यापार विहार में जमीन थी। मार्च 2026 में भारतीय नगर निवासी अंकित एक्का ने उक्त जमीन को खरीदने के लिए श्रीमती आनंद से मुलाकात की। उनके बीच उक्त जमीन बेचने के लिए 1 करोड़ 90 लाख रुपए में सौदा तय हुआ। अंकित ने बुजुर्ग महिला का भरोसा जीतकर उन्हें ब्लैंक चेक देकर पैसा बाद में देने की बात कहते हुए उक्त जमीन की रजिस्ट्री करा ली। उसके बाद उसने तत्काल उक्त जमीन को अपने नाम पर नामांतरण भी करा लिया। बुजुर्ग महिला उनके पास जमीन का पैसा मांगने जाती तो गुमराह कर घुमाने लगा। उसके बाद उन्होंने जमीन की कीमत 1 करोड़ 90 लाख रुपए देने से इनकार कर दिया।

पीड़ित बुजुर्ग महिला ने घटना की रिपोर्ट थान में दर्ज कराई। पुलिस ने उनकी रिपोर्ट पर अंकित एक्का के खिलाफ बीएनएस की धारा 318, 4 के तहत जुर्म दर्ज कर लिया है।

## एनएचएआई ने किया प्रदेश में 1033 की सुविधाओं का विस्तार

**बिलासपुर।** राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण एनएचएआई की परियोजना कार्यान्वयन इकाई, बिलासपुर द्वारा अत्याधुनिक आपातकालीन चिकित्सा एम्बुलेंस सेवाओं का शुभारंभ किया गया है। इन्हें राष्ट्रीय राजमार्ग- 49 पर बिलासपुर से रायगढ़ के बीच सफर करने वाले यात्रियों की आपातकालीन सहायता के लिए पाराघाट टोल प्लाजा और केसला टोल प्लाजा पर तैनात किया गया है। परियोजना कार्यान्वयन इकाई के परियोजना निदेशक मुकेश कुमार ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सफर करने वाले प्रत्येक यात्री की जान और उनकी सुरक्षा एनएचएआई की सर्वोच्च प्राथमिकता है। उन्होंने नागरिकों से अपील की है कि अगली बार जब आप राजमार्गों पर किसी लंबे सफर पर निकलें, तो अपनी गाड़ी की तकनीकी जांच करने के साथ-साथ अपने मोबाइल की स्पीड डायल लिस्ट में 1033 नंबर को जरूर सेव कर लें, क्योंकि जब हाइवे पर मुश्किलें रास्ता रोकती हैं, तो यही चार अंक संजीवनी बनकर आपकी मदद करते हैं।



## जिला कार्यालय में बाढ़ नियंत्रण कक्ष स्थापित

**बिलासपुर।** राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग रायपुर के आदेशानुसार आगामी वर्षाऋतु को ध्यान में रखते हुए जिला कार्यालय के कक्ष 25 में बाढ़ नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है, जिसका दूरभाष क्रमांक 07752-25100 है। यह नियंत्रण कक्ष 24 घंटे संचालित रहेगा। नियंत्रण कक्ष में कर्मचारी गोरेलाल साहू, मुकेश कुमार, तिरथराम पठारी, अजय श्रीवास, कैलाश चंद्र सूर्यवंशी, राजेश्वर साहू, दीपक प्रधान, शुभम साहू एवं पवन ध्रुव की ड्यूटी लगाई गई है।

निगम कमिश्नर ने पंप आपरेटरों की बैठक लेकर पानी बचाने मानिटरिंग के दिए निर्देश

# जल संरक्षण के लिए शहर में बनेंगे 100 इंजेक्ट वेल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिलासपुर

भू जल संजीवनी अभियान के तहत ठेकेदार संघ के सहयोग से शहर में 50 और इंजेक्टवेल बनाए जाएंगे। इसकी शुरुआत सकरी क्षेत्र से की जाएगी। इस प्रकार नगर निगम क्षेत्र में अब कुल 100 इंजेक्ट वेल बनाए जाएंगे ।

■ क्रेडाई के सहयोग से 50 इंजेक्ट वेल का होगा निर्माण

निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने ठेकेदार संघ के प्रतिनिधियों के साथ बैठक लेकर विस्तृत चर्चा की। बैठक में जल संरक्षण की आवश्यकता, इंजेक्टवेल निर्माण की उपयोगिता एवं शहर के भविष्य के जल संकट से निपटने की रणनीति पर विचार-विमर्श किया गया। चर्चा के बाद ठेकेदार संघ ने सामाजिक दायित्व निभाते हुए 50 इंजेक्टवेल निर्माण में सहयोग देने की सहमति प्रदान की। कलेक्टर संजय अग्रवाल के निर्देश पर पूरे जिले में वर्षा जल संचयन और भू जल में वृद्धि के लिए अलग-अलग तरह के कार्य किए जा रहे हैं। इससे पहले भी नगर निगम द्वारा क्रेडाई के सहयोग से शहर में 50 इंजेक्टवेल निर्माण का कार्य प्रारंभ किया जा चुका है। अब ठेकेदार संघ के सहयोग से अतिरिक्त 50 इंजेक्टवेल बनाए जाने से शहर में जल संरक्षण अभियान को और मजबूती मिलेगी। निगम कमिश्नर प्रकाश कुमार सर्वे ने कहा कि नगर निगम द्वारा विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संगठनों के सहयोग से इस अभियान को व्यापक रूप दिया जा रहा है। जिला एवं नगर निगम प्रशासन द्वारा जल संरक्षण एवं भू-जल संवर्धन को लेकर लगातार जनसहभागिता आधारित अभियान चलाया जा रहा है, ताकि आने वाले समय में जल संकट की स्थिति उत्पन्न न हो और शहरवासियों को पर्याप्त पेयजल उपलब्ध हो सके।




### पंप आपरेटरों को पानी बचाने के निर्देश

इसके पूर्व निगम प्रशासन द्वारा 107 पंप ऑपरेटरों की बैठक भी ली गई। बैठक में निगम कमिश्नर प्रकाश सर्वे ने गर्मी के मौसम में जल आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने, जल संरक्षण तथा पानी की बर्बादी रोकने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। पंप ऑपरेटरों को समय पर पंप चालू एवं बंद करने, स्वच्छ एवं सुरक्षित पेयजल उपलब्ध कराने तथा कहीं भी गंदा या दूषित पानी की शिकायत न मिलें। इसके लिए विशेष रूप से जिम्मेदारी निभाने कहा गया है। बैठक में जल बचाव एवं जल प्रबंधन को लेकर सतर्कता बरतने के निर्देश देते हुए निगम कमिश्नर ने कहा कि नागरिकों को बेहतर पेयजल व्यवस्था उपलब्ध कराना हमारी प्राथमिकता है।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
07752-401052 , 8770748558
9754160620, 9691735152

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 17,500/-
10 दिन
राजस्थान टूर
जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, पुष्कर
अजमेर, जैसलमेर, खाटू श्याम
03 सितम्बर, 01 अक्टूबर, 12 नवम्बर, 03 दिसम्बर, 17 दिसम्बर 2026
राशिः-स्लीपर-17,500/-, 3 एसी- 27,500/-, 2 एसी- 32,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411